हरिभूमि रायपुर भूमि







जेसीबी, माजदा, टैंकर, डंपर, जीप, माजदा, सूमो से लेकर ट्रैक्टर तक शामिल



कलपुर्जे गायब, देखरेख में अनदेखी, गाड़ियां कंडम हालत में

# निगम के वर्कशाप में 40 गाड़ियां कंडम, 20 ऐसी जो 15 साल पुरानी, कई की हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के टिकरापारा स्थित मोटर वर्कशाप में जनता के टैक्स के पैसे से खरीदी गई दर्जनों गाड़ियां कबाड़ हालत में धूल खाते पड़ी हैं। इसमें कुछ गाड़ियों के कलपुर्जे गायब हैं, तो कुछ गाड़ियों के टायर-ट्यूब की जगह केवल ढांचा रह गया है। मोटर वर्कशाप में डंप इन गाड़ियों में नाले का कचरा साफ ▶▶|शेष पेज 13 पर



### प्रस्ताव भेजा है

भारत सरकार के उपक्रम मेटल ट्रेड कार्पोरेशन को हमने निगम की ऐसी गाड़ियां जो 15 साल से ज्यादा पुरानी हैं, उन्हें स्क्रैप करने प्रस्ताव भेजा है। कंडम गाड़ियां शासन की गाइड लाइन के हिसाब से स्क्रैप की जाएंगी। 15 साल से कम पुरानी गाड़ियां जिनकी मरम्मत कर उपयोग की जा सकती है, उसके लिए अलग से प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा।

- **विनोद पांडे**, अपर आयुक्त, विद्युत अभियांत्रिकी एवं मोटरवर्कशाप विभाग

### 1996 से लेकर 2010 तक की गाड़ियां

सूत्रों के मुताबिक नगर के टिकरापारा स्थित मोटर वर्कशाप के माध्यम से वर्ष 1996 से लेकर 2010 की अवधि में खरीदी गई गाड़ियां अरसे से बिना उपयोग के खड़ी हैं। कुछ गाड़ियां ऐसी भी हैं, जिनके टायर ट्यूब गायब हैं, कुछ गाड़ियों के स्टेयरिंग ही नहीं है। हैरानी की बात ये है, इतना सब कुछ होने के बाद निगम के विभागीय अफसर, जनप्रतिनिधि ने यह जानने की कोशिश नहीं कि जनता के गाढ़ी पसीने की कमाई से मिले टैक्स के पैसे से खरीदे गए वाहन की मरम्मत की हालत क्या है? पुराने वाहनों की मरम्मत की जगह नए वाहनों की खरीदी पर ज्यादा ध्यान दिया गया। इस वजह से ऐसी स्थिति निर्मित हुई।

## खबर संक्षेप

### मंत्रालय में विधि विभाग के अवर सचिव को हार्ट अटैक, अस्पताल में मौत

**रायपुर।** मंत्रालय के विधि विभाग में पदस्थ अवर सचिव को मंत्रालय की लिफ्ट के समीप हार्ट अटैक आ गया। आनन-फानन उन्हें शहर के निजी अस्पताल लाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद मंत्रालय सहित अन्य शासकीय कार्यालय में नियत अवधि में कर्मचारियों की जांच के लिए हेल्थ कैंप लगाने की मांग उठी है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि अवर सचिव रण बहादुर ज्ञवाली सोमवार को ड्यूटी पर मंत्रालय आए थे। लिफ्ट के समीप वे अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। साथी कर्मचारी एवं अधिकारी उन्हें आनन-फानन शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी-अधिकारी की स्वास्थ व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया गया है। सिन्हा ने आरोप लगाया कि शहर से दूर कार्यस्थल और 12 साल बाद भी अत्यावश्यक स्वास्थ्य सेवा का अभाव कई जिंदगी ले चुका है।

### गाली-गलौज से रोका तो पत्थर से सिर फोड़ा

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवती ने एक युवक के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर पत्थर से हमला कर सिर फोड़ने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ढीमरपारा निवासी माया देवांगन ने रूपेश कुमार देवांगन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। माया ने पुलिस को बताया है कि रूपेश उसके घर के पास गाली-गलौज कर रहा था, जिसे माया की मां ने गाली-गलौज करने से मना किया। इस बात से नाराज होकर रूपेश ने माया की मां के सिर पर पत्थर मार घायल कर दिया।

### बैंक में बंधक जमीन बेचकर 18 लाख की ठगी

**रायपुर।** मुजगहन थाने में एक महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ बैंक में बंधक जमीन उसे बेचकर 18 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। टिकरापारा निवासी समीक्षा राजपूत ने रघुनाथ सिंह बुंदेला के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि रघुनाथ सिंह ने बैंक में गिरवी आवासीय प्लाट को राजस्व विभाग के कर्मचारियों से सांठगांठ कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे बेच दिया और ठगी की है।

एक युवक की हालत गंभीर, अस्पताल में उपचार जारी

# बदमाशों ने पहले स्ट्रीट लाइट बंद की, फिर दो युवकों पर चाकू से किया हमला, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात शराब पार्टी तथा गांजा बिक्री के विवाद पर बदमाशों ने दो युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य युवक की हालत गंभीर है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- एक नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार, घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की

बदमाशों के ग्रुप ने पूरी प्लानिंग के साथ हत्या की है। हत्या करने के पहले बदमाशों ने गली की स्ट्रीट लाइट बंद कर दी। इसके बाद दोनों युवकों पर दौड़ा-दौड़ा कर चाकू से हमला किया। पुलिस ने घटना में शामिल एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कोई देखे न ले इसलिए स्ट्रीट लाइट बंद

बदमाश, आदित्य तथा उसके साथी के साथ मारपीट कर रहे थे, इस दौरान कुछ बदमाशों ने स्ट्रीट लाइट बंद कर दी। अदित्य तथा उसके साथी के साथ मारपीट के दौरान गली के लोग ▶▶|शेष पेज 13 पर

### गांजा कारोबार को लेकर विवाद

चर्चा है कि आदित्य तथा लोकेश तेलीबांधा क्षेत्र में गांजा का अवैध कारोबार करते थे। लोकेश को आदित्य से इस बात से चिढ़ थी कि किसी दूसरे इलाके का आदमी उसके क्षेत्र में कैसे आकर गांजा का कारोबार कर सकता है। आदित्य ▶▶|शेष पेज 13 पर









### पुलिस का तर्क, आपसी विवाद पर हत्या

पुलिस का कहना है कि मृतक तथा आरोपी आपस में दोस्त हैं। दीपावली के समय लोकेश के साथियों के साथ मृतक का विवाद हुआ था। इसके बाद लोकेश ने आदित्य की हत्या करने की प्लानिंग की। इसके लिए लोकेश ने आदित्य को शराब पार्टी करने श्याम नगर बुलाया। ▶▶|शेष पेज 13 पर



### घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

चाकूबाजी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। कैमरे में आठ से दस लड़कों का झुंड जिसमें कुछ लोगों के हाथ में चाकू है, दौड़ते हुए दिख रहे हैं। रास्ते में इक्का-दुक्का लोग आते-जाते भी दिख रहे हैं, लेकिन किसी में इतनी हिम्मत नहीं थी कि बदमाशों को वे कुछ बोल पाएं। घटना स्थल का मुआयना करने एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह मौके पर पहुंचे। हालांकि घटना के चंद घंटे के भीतर पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामायाबी हासिल कर ली।

# 200 क्विंटल अवैध धान जब्त, राइस मिल सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के धरसींवा क्षेत्र में संचालित एक राइस मिल में खाद्य विभाग ने छापा मारकर वहां से 200 क्विंटल धान से भरे ट्रक को जब्त किया है। विभाग ने इस मामले में राइस मिल को सील बंद करने की कार्रवाई भी की है।

जिलेभर के उपार्जन केंद्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जा रहा है। किसानों से खरीदे गए धान को पंजीकृत राइस मिलर्स द्वारा उपार्जन ▶▶|शेष पेज 13 पर

### अनियमितता पर कार्रवाई

किसी भी तरह की अनियमितता मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। सतर्क एप से प्राप्त शिकायतों पर तीन दिनों के भीतर राजस्व, मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम के माध्यम से जांच कराकर कार्रवाई कराई जा रही है।

- **कीर्तिमान सिंह राठौर**, अपर कलेक्टर रायपुर



### जीपीएस तकनकी से वाहन की ट्रैकिंग

खाद्य विभाग के अफसरों के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी एवं उठाव की निगरानी के लिए राज्य शासन ने इस वर्ष सतर्क एप के माध्यम से नई तकनीकी व्यवस्था लागू की है। इसके अंतर्गत धान खरीदी एवं परिवहन की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा रही है। जीपीएस तकनीक से गाड़ियों की ट्रैकिंग की जा रही है तथा संवेदनशील उपार्जन केंद्रों में लगाए गए कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जा रही है।

# बच्चों की खातिर कतार में माता-पिता




## पुलिस पब्लिक स्कूल में आवेदन प्रारंभ कड़कड़ाती ठंड में लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बैरन बाजार स्थित पुलिस पब्लिक स्कूल में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सोमवार सुबह यहां पालकों की एक किमी लंबी कतार लगी रही। पालक यहां आवेदन जमा करने आए थे। कड़कड़ाती सर्दी होने के बाद भी पालक यहां आवेदन के लिए सूर्य निकलने से पहले ही कतारबद्ध नजर आए। पुलिस पब्लिक स्कूल का संचालन पुलिस विभाग द्वारा किया जाता है। यहां निजी स्कूलों की तर्ज पर सीबीएसई माध्यम से पढ़ाई होती है। फीस कम होने के कारण निजी स्कूलों की तुलना में यहां प्रवेश के लिए मारामारी अधिक है। आवेदन 10 जनवरी से प्रारंभ हो चुके हैं। आवेदन प्रक्रिया के लिए आवश्यक दस्तावेजों सहित विस्तृत जानकारी विद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

**पुलिस परिवार को प्राथमिकता**

दाखिले नर्सरी और पहली कक्षा के अलावा उन कक्षाओं में हो रहे हैं, जहां सीट खाली है। सीट प्रदान करने में पुलिस परिवार को प्राथमिकता दी जाएगी। पुलिस परिवार के बच्चों के दाखिले के पश्चात अन्य परिवार के बच्चों को प्रवेश दिए जाएंगे। पुलिस परिवार के बच्चों के लिए फीस भी अपेक्षाकृत कम निर्धारित है। वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी के अनुसार, नर्सरी और पहली कक्षा में अध्ययनरत पुलिस परिवार के बच्चों को 19,200 रुपए सालाना देने होंगे, जबकि अन्य के लिए यह राशि 24,600 निर्धारित है। इसी तरह अन्य कक्षाओं में 22 हजार से 32 हजार सालाना तक है। फीस की राशि एकमुश्त प्रदान करने के स्थान पर स्टॉलमेंट का विकल्प भी छात्रों को मिलता है।

जोन 1, जोन 5 टीम ने पर्यावरण संरक्षण मंडल के साथ पतंग दुकानों का किया निरीक्षण

# चाइनीज मांझे पर सख्ती, दुकानों से जब्ती, जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम ने चाइनीज मांझे से हो रहे हादसों के बीच कार्रवाई की है। नगर निगम जोन 1 और जोन 5 की टीम ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के साथ मिलकर पतंग दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिबंधित चाइनीज मांझा मिलने पर उसे तुरंत जब्त किया गया। निगम की टीम ने संबंधित दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया।


- प्रयास हॉस्टल गुढ़ियारी के पास 2 पतंग दुकानों की जांच

दरअसल राजधानी के लाखेनगर इलाके में रविवार की शाम प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला पैदल मंदिर जा रही थी, तभी उड़ता हुआ मांझा उनके चेहरे में फंस गया। मांझा हटाने की कोशिश में होंठ और अंगूठे में गहरे कट लग गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद कर मांझा हटाया और महिला को अस्पताल पहुंचाया। इस घटना के बाद हरकत में आए निगम प्रशासन और छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल की टीम ने सोमवार को शहर के गुढ़ियारी इलाके स्थित प्रयास हॉस्टल के पास स्थित 2 पतंग दुकानों की जांच की। ▶▶|शेष पेज 13 पर



### आमापारा में सड़क किनारे लगी दुकानें हटाईं, पतंग दुकानों की जांच

नगर निगम जोन 5 क्षेत्र में घासीदास प्लाजा, आमापारा मार्ग में सड़क किनारे लगी पतंग दुकानों की सोमवार को जांच की गई। यहां पर प्रतिबंधित मांझा मिलने पर जब्ती की गई। पतंग की दुकानों को सड़क से हटाया गया। इसके साथ ही व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए गए। निगम के अधिकारियों ने शहर के सभी पतंग दुकान संचालकों को स्पष्ट रूप से कहा है कि कहीं भी चाइनीज मांझा मिला, तो नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप



### प्रदेश के भाजपा नेताओं को मुंबई महानगर पालिका चुनाव का जिम्मा

**रायपुर।** प्रदेश के भाजपा नेताओं को अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने महाराष्ट्र में नगर पालिका चुनावों का भी जिम्मा दिया है। प्रदेश के कई नेता जहां मुंबई महानगर पालिका चुनाव में जुटे हैं, वहीं नागपुर नगर निगम चुनाव में भी प्रदेश के भाजपा नेता जुटे हुए हैं। सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय मुंबई में महानगर पालिका चुनाव में लगे सभी प्रवासी भाजपा नेताओं की बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में सभी जिलों के सभी वार्डों की समीक्षा हुई। मुंबई महानगर पालिका का चुनाव 15 जनवरी को होना है। 16 जनवरी को परिणाम घोषित होगा। बैठक में विशेष रूप से नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, महापौर रामु रोहरा,संजय पांडेय एवं सौरभ सिंह शामिल थे।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से मिले प्रदेश के नेता



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने दिल्ली प्रवास के दौरान मुलाकात की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को दीपकमल पत्रिका भेंट की। दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह एवं सुश्री सरोज पांडेय से भी मुलाकात की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा इस मौके पर मौजूद रहे।

### रमेश शर्मा बने गृह विभाग के सचिव

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2010 बैच के अधिकारी रमेश कुमार शर्मा गृह विभाग के सचिव के रूप में पदोन्नत हुए हैं। तीन अन्य अधिकारियों को नवीन पदस्थापना दी गई है। रमेश शर्मा अब तक गृह विभाग में विशेष सचिव के रूप में सेवाएं दे रहे थे। अब इसी विभाग में उन्हें सचिव का दायित्व मिला है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2010 बैच के अधिकारियों को 16 साल की सेवा पूरी होने पर 1 जनवरी 2026 से सेवा के अधिसमय वेतनमान में पदोन्नति (प्रोफार्मा) दी गई है। आदेश के मुताबित सारांश मित्तर आयुक्त आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास आयुक्त होंगे। पदुम सिंह एल्मा प्रबंध संचालक स्टेट मार्केटिंग, था प्रबंध संचालक ब्रेवरेज कार्पोरेशन, धर्मेश कुमार साहू को विशेष सचिव से पदोन्नत कर सचिव बनाया गया है, वे अब सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग होंगे।

# भाजयुमो के 13 जिलाध्यक्षों की अब तक नियुक्ति नहीं, एक नाम पर नहीं बन पा रही सहमति

## आधा दर्जन का मामला सुलझने का दावा, पर अब तक नियुक्ति नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही भाजपा के 36 संगठन जिलों में से 23 जिलों में अध्यक्षों का ऐलान हो गया है, लेकिन रायपुर शहर के साथ ही 13 जिलों में अध्यक्ष अब तक तय नहीं हो सके हैं।

यहां पर भाजपा के जिलाध्यक्षों के साथ जिलों के भाजपा नेताओं के बीच एक नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। वैसे भाजयुमो के अध्यक्ष राहुल टिकरिया का कहना है कि करीब आधा दर्जन जिलाध्यक्षों के नाम लगभग फाइनल हो गए हैं, लेकिन अब तक इनकी भी नियुक्ति नहीं हो सकी है। कहा जा रहा है कि भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय के बंगाल में होने के कारण नामों का ऐलान नहीं हो पा रहा है, उनके लौटने पर नामों का ऐलान होगा। बाकी जिलों के अध्यक्षों के नामों पर सहमति बनाने का प्रयास चल रहा है। भाजपा के प्रदेश संगठन के



निर्देश पर सभी मोर्चा ने अपनी कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। भाजयुमो की कार्यकारिणी का भी ऐलान हो गया है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही जिलाध्यक्षों का भी ऐलान किया जा रहा है। इसके पहले प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान किया जाता था, इसके बाद जिला अध्यक्षों के नाम घोषित किए जाते थे। इस बार प्रदेश संगठन ने प्रदेश कार्यकारिणी और जिलाध्यक्षों का भी ऐलान सभी मोर्चा को एक साथ करने के निर्देश दिए हैं, ऐसे में प्रदेश कार्यकारिणी के साथ जिलाध्यक्षों और संभाग के प्रभारी और सह प्रभारी भी एक साथ नियुक्ति किए गए हैं।

### इन जिलों में पेंच

भाजयुमो ने अपने 36 संगठन जिलों में से 23 जिलों में तो अध्यक्षों के नामों का ऐलान कर दिया है लेकिन रायपुर शहर सहित 13 जिले बचे हैं। रायपुर शहर के बारे में बताया जा रहा है कि रायपुर के भाजपा नेताओं के बीच एक नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। एक नेता की पसंद कोई है तो दूसरे नेता की पसंद कोई है। एक पसंद के बारे में तो यह भी बताया जा रहा है कि उनकी उम्र ज्यादा है। लेकिन एक नेता इनको ही अध्यक्ष बनवाना चाहते हैं, लेकिन ओवरएज को रखने पर भाजयुमो सहमत नहीं है। वैसे अंडरएज वाले दावेदारों की भी कमी नहीं है। अन्य जिलों में भी एक नाम पर सहमति नहीं हो रही है। कहीं पर उम्र का पेंच है तो कहीं पर नेताओं की सहमति न होने का पेंच हैं। जिलाध्यक्षों के लिए 33 साल की उम्र सीमा तय है। जिन जिलों में पेंच फंसा है, उनमें राजनांदगांव, कवर्धा, धमतरी, महासमुंद, कोरबा, जगदलपुर, नारायणपुर, खैरागढ़, बेमेतरा, जशपुर, मरवाही शामिल हैं।

## जांच के बाद कमेटी ने आगे की कार्वाई के लिए बंद लिफाफा में जांच प्रतिवेदन विभाग के एमडी को भेजा

# हथकरघा विपणन सहकारी संघ को वेस्टेज कपड़ा भेजने की गड़बड़ी सही मिली, कमेटी की जांच पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर में 62 लाख रुपए से अधिक के वेस्टेज प्रिंटिंग शर्टिंग मटेरियल की जगह वेस्टेज मटेरियल भेजे जाने के मामले में गठित की गई जांच कमेटी ने अपनी जांच पूरी कर ली है। इस जांच में यह शिकायत सही पाई गई है कि कंपनी ने संघ को वेस्टेज मटेरियल ही भेजा है। जांच कमेटी की अध्यक्ष प्रतीक्षा सिंह ने इसकी पुष्टि भी की है, लेकिन इस जांच रिपोर्ट में वेस्टेज मटेरियल की कुल मात्रा, कुल कीमत कितनी है, वेस्टेज मटेरियल भेजे जाने पर कंपनी के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाएगी, इसका खुलासा अभी होना बाकी है, क्योंकि कमेटी ने जांच प्रतिवेदन को बंद लिफाफा में विपणन संघ के एमडी को भेज दिया है। इस मामले में अब जांच प्रतिवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर यह भी संभावना जताई जा रही है कि बंद लिफाफे का राज जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा और इस मामले में कोई बड़ी कार्रवाई विभाग की ओर से की जाएगी।

हथकरघा संघ मर्यादित के न्यू राजेंद्रनगर स्थित कार्यालय से मिले दस्तावेजों के अनुसार हैदराबाद की मारुति कोटेक्स कंपनी ने संघ के डूमरतराई स्थित गोदाम में प्रिंटिंग शर्टिंग चेक कपड़ा मटेरियल का अलग-अलग तारीख को बेल (बंडल) भेजा था। इन बेलों में से कई बंडलों में प्रिंटिंग शर्टिंग की जगह वेस्टेज कपड़ा मिले थे। वेस्टेज कपड़ा को पूर्व में 593ए नंबर का बिल का होना बताया गया था। इसकी जानकारी गोदाम प्रभारी रामकिसुन देवांगन ने विभागीय कार्यालय को दी थी। इसकी जानकारी मिलने पर विभाग की तकनीकी टीम से जब बिल नंबर 593ए नंबर के बंडलों की जांच कराई, तो उसमें कोई गड़बड़ी नहीं मिली, जिसकी रिपोर्ट तकनीकी जांच अधिकारी ने कार्यालय को सौंपी। इस जांच के बाद गोदाम प्रभारी ने पुनः कार्यालय को एक पत्र लिखकर यह जानकारी दी थी कि उसने गलती से दूसरे बिल का नंबर लिख दिया है। वेस्टेज कपड़ों के बंडल मारुति कोटेक्स कंपनी का ही है, लेकिन वे दूसरे बिल नंबर के हैं, इसलिए इन बिलों का भुगतान नहीं किया जाए।

■ प्रिंटिंग शर्टिंग मटेरियल की जगह कंपनी द्वारा संघ को वेस्टेज मटेरियल भेजे जाने का मामला




### मामले की जांच के लिए विभाग को बनानी पड़ी कमेटी

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच के लिए विभाग ने एक जांच कमेटी बनाई। इस कमेटी की अध्यक्ष विभाग की लेखाधिकारी प्रतीक्षा सिंह को बनाया गया, वहीं अन्य सदस्यों में तकनीकी टीम के अधिकारी तथा गोदाम के प्रभारियों को भी इसमें रखा गया। जांच कमेटी ने गोदाम में रखे वेस्टेज कपड़ों की पूरी पारदर्शिता के साथ जांच की। इस दौरान एक-एक बंडल खोले गए, जिसकी विडियो रिकार्डिंग भी की गई। जांच पूरी हो गई है और रिपोर्ट तैयार कर इस पर कार्रवाई के लिए विभाग के उच्च अधिकारी को भेज दी गई है।

### जांच में अतिरिक्त वेस्टेज बंडल भी मिले

जांच कमेटी की अध्यक्ष ने बताया कि जांच के दौरान जिन बिल नंबर के बेल में वेस्टेज कपड़ों होने की शिकायत थी, उसके अलावा भी अतिरिक्त दो बेल के बंडलों से वेस्टेज कपड़ा निकले हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी कंपनी अगर वेस्टेज कपड़ा भेजती है और अगर उसे बदलकर नहीं देती है, तो नियमों में उसके विरुद्ध कार्रवाई का प्रावधान है।

### तकनीकी टीम का अहम रोल बहुतों पर गिर सकती है गाज

सूत्रों की मानें, तो वेस्टेज कपड़ा भेजे जाने के मामले में कंपनी मुख्य दोषी है, लेकिन इसके लिए संघ की तकनीकी टीम भी जवाबदेही है, क्योंकि गोदाम में जब भी किसी कंपनी का बेल भेजा जाता है, तो उन बेल के बंडलों में भेजे गए कपड़े सही और गुणवत्तायुक्त हैं या नहीं, इसकी जांच तकनीकी टीम करती है। इस मामले में जो दस्तावेज सामने आए हैं, उसके अनुसार करीब 3 महीने के बाद वेस्टेज कपड़ा बंडलों से निकलने की जानकारी विभाग को दी गई है, जबकि इन बंडलों की रेंडम जांच की रिपोर्ट तीन माह पहले ही तकनीकी टीम विभाग को सौंप चुकी है। इस तरह इस मामले में अगर कार्रवाई हुई, तो तकनीकी टीम में शामिल अधिकारी-कर्मचारी पर भी गाज गिर सकती है।

## दीपक बैज बोले

# धान सड़ने, चूहा खाने के नाम पर पूरे प्रदेश में सुनियोजित भ्रष्टाचार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, धान संग्रहण केन्द्रों में पड़े-पड़े सड़ रहे हैं, भीग गया, चूहे खा रहे, दीमक लग कर खराब हो गया। प्रदेश के अनेकों संग्रहण केन्द्रों में सड़े हुए धान का भंडारण दिख जाएगा। धान के खराब होने और सड़ने के नाम पर पूरे प्रदेश में सुनियोजित भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पूरे प्रदेश में 25 लाख 93 हजार 880 क्विंटल धान की मिलिंग ही नहीं करवाई गई है।

उक्त धान में से 4 लाख 16 हजार 410 क्विंटल धान विभिन्न खरीदी केंद्रों में शेष बताया गया है तथा शेष 21 लाख 77 हजार 470 क्विंटल धान राज्य सहकारी विपणन संघ के विभिन्न संग्रहण केंद्रों में शेष बताया जा रहा था। अब षडयंत्र पूर्वक धीरे धीरे नष्ट होना बता रहे। सरकार की लापरवाही के कारण बस्तर के विभिन्न धान संग्रहण केन्द्रों में 1 लाख क्विंटल से अधिक धान सड़ गया है। यह केवल लापरवाही या चूक नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में किया जाने वाला अपराध है। श्री बैज ने कहा, बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखंड के नियानार और बिरंगपाल धान संग्रहण केन्द्र में प्रशासन की लापरवाही साफ दिख रही है। धान सड़ चूका है जिसे ओडिशा से हमाल बुलाकर ठिकाना लगाया जा रहा है। पूरे प्रदेश में हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार यह सरकार धान खरीदी में कर रही है।

श्री बैज ने कहा, हाल ही में कबीरधाम जिले में चारभाठा और बघर्रा संग्रहण केंद में 7 करोड़ के 26 हजार क्विंटल धान गायब होने का मामला सामने आया था। महासमुंद जिले में वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान में से 81620 क्विंटल धान सुखत और नुकसान लिखकर खत्म कर दिया गया, अपने भ्रष्टाचार को छुपाने सुखती, पक्षी, दीमक से खराब होना बताया जा रहा है। जशपुर जिले में 6 करोड़ 55 लाख की अनियमितता उजागर हुयी है। रिकार्ड में 20586 क्विंटल धान गायब है। भाजपा की सरकार ने अपने भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिए ही दुर्भावना पूर्वक पूर्ववर्ती कांग्रेस के सरकार के द्वारा बनाये गये 72 घंटे के भीतर उठाव, शीघ्र परिवहन और मिलिंग के नियम को बदला है।

# रेरा पंजीयन के बिना प्लाट काटकर बेचा, दो भूमिस्वामियों पर पांच लाख का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (सीजी रेरा) ने रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 के उल्लंघन पर कठोर कदम उठाते हुए रायपुर के दो भूमि स्वामियों गोवर्धन और रामानुज पर 5 लाख रुपये का आर्थिक दंड अधिरोपित किया है।




प्राधिकरण के संज्ञान में यह मामला आया कि दोनों भूमि स्वामी ओम फार्म, लखोली रेलवे स्टेशन नाम से प्लॉट विकसित कर बिना वैध रेरा पंजीकरण के विज्ञापन, प्रचार-प्रसार और विक्रय का कार्य कर रहे थे। यह गतिविधि अधिनियम की धारा 3 का स्पष्ट उल्लंघन है। धारा 3 के अनुसार, किसी भी रियल एस्टेट परियोजना का रेरा पंजीकरण कराए बिना उसके प्रचार, बुकिंग अथवा विक्रय का आमंत्रण देना पूर्णतः प्रतिबंधित है। रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 के उल्लंघन पर कठोर कदम उठाते हुए प्राधिकरण ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि बिना पंजीकरण किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग, विज्ञापन या विक्रय को गंभीर कानूनी अपराध माना जाएगा। साथ ही, भविष्य में ऐसे मामलों पर और अधिक कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# रायपुर में खुलेगा एपीडा का क्षेत्रीय कार्यालय, कृषि निर्यात होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि रायपुर में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ छत्तीसगढ़ की कृषि अर्थव्यवस्था को वैश्विक मंच से जोड़ने वाला ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश के किसानों, एफपीओ और निर्यातकों



को सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़कर राज्य की कृषि को नई ऊंचाई देगी।

**सीएम साय ने कही ये बात :** मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इंडिया इंटरनेशनल राइस समिट के मंच से शुरू हुई यह पहल छत्तीसगढ़ को उच्च-मूल्य कृषि निर्यात के नक्शे पर मजबूती से स्थापित करेगी। जीआई टैग प्राप्त विशिष्ट चावल किस्में जैसे जीराफूल और नागरी दुबराज, साथ ही राज्य के अन्य कृषि एवं प्रोसेस्ड फूड उत्पाद अब वैश्विक बाजारों में नई पहचान बनाएंगे। इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलने के साथ-साथ कृषि आधारित उद्यमों को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डबल इंजन सरकार किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और हर खेत तक नए अवसर पहुँचाने के लिए निरंतर काम कर रही है। एपीडा का क्षेत्रीय कार्यालय इस दिशा में एक मजबूत संस्थागत आधार प्रदान करेगा, जिससे निर्यात प्रक्रियाएं सरल होंगी, गुणवत्ता मानक सुधरेंगे और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से सीधा संपर्क स्थापित होगा।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरफ्तार, विरोध में रायपुर में फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप्र के बनारस में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चल रहे शांतिपूर्ण आंदोलन पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज, छात्रों के साथ की गई बर्बर मारपीट एवं एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी के विरोध में विभिन्न राज्यों में प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी कड़ी में छग एनएसयूआई द्वारा राजधानी रायपुर में विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। एनएसयूआई ने मांग करते हुए कहा, राष्ट्रीयाध्यक्ष वरुण चौधरी को तत्काल रिहा किया जाए। आंदोलनकारी छात्रों पर दर्ज सभी झूठे मुकदमे वापस लिए जाएं। मनरेगा योजना को कमजोर करने की साजिश बंद कर उसे पूर्ण रूप से लागू किया जाए।

**मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत हुए प्रदर्शन में किया गया था लाठीचार्ज**



### बेरहमी से पिटाई निंदनीय

एनएसयूआई ने कहा, मनरेगा बचाओ संग्राम आंदोलन देश के गरीब, मजदूर, किसान और ग्रामीण युवाओं के रोजगार के अधिकार की रक्षा के लिए चलाया जा रहा एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक आंदोलन है। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने, मजदूरी भुगतान में देरी, कार्य दिवसों में कटौती और बजट में कमी के खिलाफ देशभर में छात्र और युवा आवाज उठा रहे हैं। शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों और कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करना मारना लोकतंत्र पर सीधा हमला है। एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष को बेरहमी से मारना यह दर्शाता है कि केंद्र और राज्य की सरकारें जनआवाज से डर चुकी हैं और दमन के रास्ते पर चल रही हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष शांतनु झा, प्रदेश महामंत्री हेमंत पाल, निखिल वंजारी, कुणाल दुबे, विशाल कुकरेजा, वैभव मुजेवार, तारिक खान, आलोक सिंह सहित अन्य छात्रनेता उपस्थित रहे।

## 250 प्रतिभागी हुए शामिल, 190 का विभिन्न कंपनियों के लिए चयन

# आईटीआई में राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्लेसमेंट कैम्प एवं अप्रेंटिसशिप मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती) के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प एवं अप्रेंटिसशीप मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में 16 प्रतिष्ठित संस्थानों और कंपनियों ने भाग लिया और युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किए। मेले के दौरान कुल 250 प्रतिभागियों का साक्षात्कार लिया गया, जिसमें से 190 युवाओं का चयन विभिन्न पदों और क्षेत्रों के लिए किया गया। यह पहल युवाओं के भविष्य निर्माण और कौशल



आधारित रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुई। कार्यक्रम के दौरान आईटीआई रायपुर के प्राचार्य नरेंद्र उपाध्याय ने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए उन्हें कुशल, सक्षम और सशक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मेले में शामिल सभी कंपनियों और प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार प्रदान कर उन्होंने समृद्ध भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्लेसमेंट कैम्प एवं अप्रेंटिसशीप मेले का सफल आयोजन संस्थान के प्रशिक्षण अधीक्षक संजय ठाकुर, वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी शिवचरण हिरवानी, प्लेसमेंट एडवाइजर पवन बारले, प्लेसमेंट अधिकारी सुधा ठाकुर और अन्य समस्त प्रशिक्षण अधिकारियों के सहयोग से संभव हुआ। आईटीआई रायपुर में आयोजित इस रोजगार मेले का उद्देश्य युवाओं को उनकी विशेषज्ञता और कौशल के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराना था। चयनित उम्मीदवारों को सीधे कंपनियों में नियुक्त किया जाएगा, जिससे उन्हें व्यावसायिक अनुभव और आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। मेले में शामिल कंपनियों ने विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी क्षेत्रों में भर्ती की प्रक्रिया में भाग लिया। राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम से यह संदेश भी गया कि युवाओं की प्रतिभा और कौशल को पहचानना तथा उन्हें सही अवसर प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के मेले न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करते हैं। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को आधुनिक उद्योग और व्यवसाय की मांग के अनुसार प्रशिक्षित किया गया, जिससे वे भविष्य में रोजगार बाजार में बेहतर प्रतिस्पर्धा कर सकें। आईटीआई रायपुर का यह कदम राज्य में कौशल विकास और रोजगार सृजन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस की भावना के अनुरूप स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और उनके द्वारा दिए गए युवाओं के महत्व को भी साझा किया गया। कार्यक्रम में शामिल युवा इस प्रेरणा के साथ आगे बढ़ेंगे कि कौशल, ज्ञान और मेहनत के बल पर वे न केवल अपने जीवन को सफल बनाएंगे, बल्कि समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण में भी योगदान देंगे।

**आम सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता मधु शर्मा, पति- श्री दुर्गा प्रसाद शर्मा, निवासी- पण्डरीतराई, सोना भवन, रायपुर, जिला-रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य का परिवर्तित भूमि जो कि ग्राम सड्डू प.ह.नं. 44, रा.नि.मं. रायपुर- 7, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नम्बर 149/7 रकबा 0.0111/111 वर्गमीटर/1200 वर्गफुट को मेरे पक्षकार ने क्रय किये जाने हेतु पक्का सौदा कर लिया है, मात्र विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन किया जाना शेष है।

अतः एतद द्वारा सर्वसाधरण जनता, व्यक्ति, संस्था, निकाय, सरकारी, गैरसरकारी संस्था, वित्तीय संस्थायें इत्यादि को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सौदे में उन्हे कोई हक, हिस्सा व अधिकार तथा उजर, दावा, आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे उल्लेखित पते में मय दस्तावेज सहित अपना दावा, आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे व समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त परिवर्तित भूमि का विधिवत विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगा, एवं बाद-मियाद में की गई कोई आपत्ति, दावा अवैध एवं शुन्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर किसी भी प्रकार से बंधनकारी नहीं होगा ।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)

भवदीय
अरमान खान, छगन साहू (अधिवक्तागण )
पता - मोवा मस्जिद के पास,
विधानसभा रोड, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 9329110837, 7898061666

कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर- 14 (बोरियाखुर्द), तहसील- रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

जारी दिनांक 07.01.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित मरकाम पिता स्व. शिवकुमार मरकाम निवासी हरदेव लाल मंदिर के पास टिकरापारा रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम मठपुरैना प.ह.नं. 61 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 325/48 रकबा क्रमशः 0.4050 हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.4050 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 05.01.2025 के परिपालन में दिनांक 27.01.2026 को समय अपरान्ह 02:00 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 61 के मठपुरैना स्थित पटवारी/ राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्ह किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर- 14 (बोरियाखुर्द)

## खबर संक्षेप



### साहू संघ का कैलेंडर विमोचित और पदाधिकारियों ने ली शपथ

**तरपोंगी।** परिक्षेत्र साहू संघ लखना के द्वारा सोमनाथ धाम कर्मा मंदिर प्रांगण कैलेंडर विमोचन व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां कर्मा की पूजा अर्चना कर अतिथियों का स्वागत वंदन व कैलेंडर विमोचन किया गया। तत्पश्चा युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व परिक्षेत्र साहू संघ के सलाहकार व न्याय प्रकोष्ठ के पदाधिकारी ने शपथ लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष मनीराम साहू, पोषण साहू, झब्बू साहू, डागेश्वर साहू, योगेश साहू, पवन साहू, मनोहर साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिक्षेत्र अध्यक्ष संतोष साहू ने किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा समाज एक सरल, शांतिप्रिय, संगठित, आत्मनिर्भर और प्रगतिशील समाज है हम सबका उद्देश्य राष्ट्र के विकास में होना चाहिए। इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू संघ संरक्षक रामजी साहू, महिला उपाध्यक्ष सोनम साहू, संगठन सचिव दुष्यंत साहू,रतनी साहू, डॉ चंद्रशेखर साहू, तखत राम साहू, अरुण साहू, रंजीत साहू, समाज सेवक कला नाथ साहू, बलदाऊ साहू, गीरेंद्र साहू, शिव कुमार साहू, जामवती साहू, त्रिलोचन साहू, रमेश साहू, माखन साहू व सामाजिक गणों की उपस्थिति में न्याय प्रकोष्ठ फेकू राम साहू, धृपाल साहू, राजकुमार साहू, रामनाथ साहू ,राम भरोसा साहू, संतराम साहू, सलाहकार भूलऊ राम साहू, बल्दू राम, दशरथ, जनक राम, बेनीराम, शोभाराम मीडिया प्रभारी परमेश्वर साहू, युवा प्रकोष्ठ ओम प्रकाश ,हरीश, लोकनाथ, कुंभज,प्रकाश, सुखदेव, तिलक, महिला प्रकोष्ठ गीतांजलि, निशा, सुकृत, गीता, नीति, योगेश्वरी ,लक्ष्मी, ललित, खेमिन, उमेश्वरी, पूजा, अंजनी साहू आदि ने शपथ लिया।

### धीवर समाज की बैठक में युवा सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा

**सिलयारी।** छत्तीसगढ़ धीवर (ढीमर) समाज महासभा रायपुर के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय धीवर युवा महासम्मेलन के सफल आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर मांढर परिक्षेत्र धीवर समाज द्वारा बोहरही धाम में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्तरीय धीवर युवा महासम्मेलन का आयोजन 17 जनवरी, शनिवार को नवागांव, मंदिर हसौद में किया जाना है। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, सहभागिता बढ़ाने तथा समाज के युवाओं को संगठित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।
बैठक को संबोधित करते हुए मांढर परिक्षेत्र धीवर समाज के युवा अध्यक्ष नोहर धीवर ने परिक्षेत्र के समस्त स्वजाति बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में महासम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। आज का युवा ही समाज के कल का भविष्य है, इसलिए युवा शक्ति को एकजुट होकर सामाजिक उत्थान के लिए आगे आना होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मांढर परगना अध्यक्ष नरेंद्र धीवर, कोषाध्यक्ष राधेश्याम धीवर, सचिव शरद धीवर, युवा कोषाध्यक्ष भूपेंद्र धीवर, युगल ,रामेश्वर, अजय, दिनेश ,लोकेश, जगराखन, दीपक, पोषण, परमेश्वर,श्रीराम, खुमान तोमल, ओमप्रकाश ,यादराम ,दिनेश, महेंद्र, परमेश्वर, राजेंद्र, वीरेंद्र ,लोचन, गोपाल, युवा सचिव शिवसेवक धीवर, कोदूराम धीवर, दाऊलाल धीवर, रवि धीवर, चिन्ताराम धीवर, ठाकुरराम धीवर, कृष्ण कुमार धीवर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनसुईया धीवर, महिला प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष राधा धीवर बड़ी संख्या में स्वजाति बंधु उपस्थित रहे।

### ग्राम केंद्री में कल मड़ई का आयोजन

**अभनपुर।** हर वर्ष की भांति ग्राम केन्द्री मे मंडाई मिलन समारोह का आयोजन बुधवार 14 जनवरी को संपन्न होगा। सरपंच नेतराम साहू ने बताया कि रात्रिकालिन कार्यक्रम अजयमाला खोडवा नाचा पार्टी भर्रीटोला कांकेर की प्रस्तुति होगी।

# खेत से धान फसल की चोरी, महिला की शिकायत पर नामजद रिपोर्ट नहीं लिखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा

तिल्दा की एक महिला अपनी खेत से धान फसल की हुई चोरी के मामले को लेकर पिछले डेढ़ महीने से तिल्दा पुलिस थाने के चक्कर काट रही है। महिला डेढ़ महीने पहले 20 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराने तिल्दा पुलिस थाने पहुंची थी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट लिखने की बजाय उनसे आवेदन लेकर चलता कर दिया .. उसके बाद से वह लगातार थाने के चक्कर लगा रही है .पहले तो पुलिस रिपोर्ट लिखने से साफ इनकार करती रही.मामले की शिकायत आवेदिका के द्वारा पुलिस के आला अफसर से भी की गई बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। पुलिस के द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखे जाने से दुखी महिला ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु की मांग कर दी।

उसके बाद थाना के टीआई ने 4 जनवरी 2026 यानि की सवा महीने बाद आवेदिका को थाने बुलाकर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध एफ आर दर्ज कर लिया. जबकि महिला ने चोरी करने वालो के नाम पुलिस को बताए थे ,और शिकायत पात्र में भी लिखकर दिए थे . बावजूद पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज न कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध FIR लिखा गया। अब आवेदिका आशा साहू आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस के चक्कर लगा रही है।

आशा देवी ने इस मामले को लेकर एस डीएम से शिकायत करते हुए खेत से चोरी की गई फसल वापस दिलाने की फरियाद की है।

## महिला न्याय के लिए महीनों से चक्कर काट रही



### मामले की जांच जारी

आशा देवी का कहना है कि जब हमने खेत में बुवाई की थी तब पुलिस मौके पर मौजूद थी ऐसे में थाना प्रभारी का बार-बार यह कहना कि धान की बुवाई की गई थी या नहीं? धान किसने बोया था इसकी हम जांच कर रहे हैं उसके बाद आगे की कार्रवाई करेंगे.. उन्होंने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा मेरी लड़ाई जारी रहेगी। टी आई रमाकांत तिवारी का कहना है कि अज्ञात आरोपियों को खराब मामला पंजीबद्ध किया गया है मामले की जांच की जा रही है जांच पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## धरसींवा में स्वामी विवेकानंद का प्रतिमा की किया गया अनावरण

# विचार क्रांति के नायक स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धरसींवा/कूंरा

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर धरसींवा ब्लॉक मुख्यालय में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का अनावरण कर क्षेत्र के युवाओं को एक नई सौगात दी गई। प्रशासन द्वारा इस स्थल को 'प्रेरणा मंच' घोषित किया गया है, जिसे भविष्य में ब्लॉक स्तरीय आदर्श स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष केशरवानी ने धरसींवा के इस क्षेत्र को नई पहचान देने की बात कही। उन्होंने घोषणा की कि इस स्थल को धरसींवा विकासखंड स्तरीय प्रेरणा स्थल के रूप में संवारा जाएगा। इसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को स्वामी जी के विचारों से जोड़ना और क्षेत्र में रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ढीलेन सेन ने प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा अश्विनी वर्मा द्वारा की गई। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार हेमंत वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य भूपेन्द्र कसार, और सरपंच साहिल खान सहित पंचायत के सभी पंच उपस्थित रहे।





### विद्यार्थियों ने बिखेरी वैचारिक छटा

इस अवसर पर दाउ पोषण लाल हायर सेकेण्डरी स्कूल परसतराई के छात्र-छात्राओं के लिए स्वामी जी के जीवन पर आधारित व्याख्यान माला प्रतिस्पर्धा आयोजित हुई। इस अवसर पर संस्था प्रमुख श्रीमती चौहान एवं व्याख्याता पीला राम साहू ने विद्यार्थियों को स्वामी जी के सिद्धांतों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।इस आयोजन में मौजूद जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया है। ब्लॉक मुख्यालय में 'प्रेरणा मंच' की स्थापना से धरसींवा में सांस्कृतिक और बौद्धिक कार्यक्रमों के लिए एक नया मंच तैयार हो गया है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे, जिन्होंने इस

### राष्ट्रीय युवा दिवस के सेमिनार में लक्ष्य व समय प्रबंधन की सीख दी

**कूंरा।** कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय प्रेरणादायक सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उनके भविष्य की संभावनाओं, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, आत्मअनुशासन तथा व्यक्तित्व विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ, जिससे वातावरण में सकारात्मकता एवं ज्ञान का संचार हुआ। इसके पश्चात कॉलेज के प्राचार्य महोदय/महोदया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और लक्ष्य के प्रति समर्पण, निरंतर प्रयास तथा सकारात्मक सोच से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में स्पष्ट उद्देश्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम डॉ. निवेदिता गौतम के कुशल मार्गदर्शन एवं सहयोग से तथा कॉलेज के अन्य सम्मानित प्राध्यापकगणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. प्रज्ञा बघेल, एसोसिएट प्रोफेसर, ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एक अत्यंत प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक वक्तव्य प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में डॉ. प्रज्ञा बघेल ने कहा कि युवावस्था जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण होती है, जिसमें सही दिशा और सही निर्णय पूरे भविष्य को निर्धारित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य तय करने, समय का प्रभावी प्रबंधन करने, आत्मविश्वास बनाए रखने और निरंतर सीखते रहने पर विशेष बल दिया।

# आरएसएस के हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रसेवा व अनुशासन पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

नवा रायपुर के सेक्टर-29 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100वीं जयंती के अवसर पर विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय समाज को उसके सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हरेंद्र त्रिपाठी, सेवानिवृत्त भारतीय सेना अधिकारी एवं वर्तमान में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम ) रहे। मुख्य वक्ता निश्चय वाजपेई (केंद्रीय टोली सदस्य, हिन्दू जागरण मंच) रहे। उन्होंने हिन्दू समाज की एकता और जागरूकता को राष्ट्र की वास्तविक शक्ति बताते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन एवं स्वाधारित जीवन शैली को समय की आवश्यकता बताया।

डॉ. हरेंद्र त्रिपाठी अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले सौ वर्षों से सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। अनुशासन, संगठन और सेवा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए उन्होंने युवाओं से समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मातृशक्ति के रूप में प्रतिष्ठित भगवताचार्य कमल कृष्ण प्रिया ने भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति की केंद्रीय भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कारों का बीजारोपण परिवार से होता है और समाज निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज को सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और स्वाधारित जीवन के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा वर्ग एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शिक्षक ईएलबी संवर्ग का व्याख्याता में पदोन्नति राजपत्र अनुसार हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा



राज्य स्तर पर शिक्षक एलबी संवर्ग की व्याख्याता पद पर पदोन्नति छत्तीसगढ़ राजपत्र 2019 के प्रावधानों के अनुसार दिसंबर माह में जारी की गई है। इस ऐतिहासिक पदोन्नति से समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग में हर्ष है।

लंबे समय से लंबित इस प्रक्रिया के पूर्ण होने पर शिक्षकों द्वारा शासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में शिक्षा कर्मियों का शिक्षा विभाग में संविलियन हुआ था। इसके पश्चात 31 दिसंबर 2021 को छत्तीसगढ़ राजपत्र के माध्यम से पदोन्नति हेतु तीन वर्ष की छूट प्रदान की गई थी। इस छूट के अंतर्गत सहायक शिक्षक से प्राथमिक प्रधान पाठक तथा शिक्षक से पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रधान पाठक के पदों पर कई बार पदोन्नतियां की जा चुकी हैं। किंतु शिक्षक एलबी संवर्ग से व्याख्याता पद पर यह पहली पदोन्नति है। राजपत्र 2019 के अनुसार व्याख्याता पदों में 50 प्रतिशत पद शिक्षक एलबी संवर्ग तथा 50 प्रतिशत पद शिक्षक ई संवर्ग से भरे जाने का प्रावधान है। इसी के अनुरूप दोनों संवर्गों की वरिष्ठता सूची पृथक-पृथक बनाई गई है। वर्तमान में शिक्षक ई संवर्ग का स्थानांतरण संबंधी मामला लंबित होने के कारण केवल शिक्षक एलबी संवर्ग के 50 प्रतिशत पदों पर व्याख्याता पदोन्नति सूची जारी की गई है। यह भी उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व वर्ष 2022 में केवल शिक्षक ई संवर्ग की डीपीसी आयोजित की गई थी, जबकि उस समय भी शिक्षक एलबी संवर्ग पदोन्नति के लिए पूर्णतः पात्र थे। अतः वर्तमान में आयोजित डीपीसी पूरी तरह नियमसम्मत एवं राजपत्र के अनुरूप है।

इस पदोन्नति प्रक्रिया में व्याख्याता के 12 विभिन्न विषयों में कुल 1083 शिक्षकों को पदोन्नत किया गया है। वर्ष 2005 से एक ही पद पर लगातार लगभग 20 वर्षों तक सेवाएं दे रहे अनेक शिक्षकों को आज उनका अधिकार प्राप्त हुआ है। समस्त पदोन्नत शिक्षकों द्वारा शीघ्र पदस्थापना हेतु काउंसलिंग आयोजित करने की मांग शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा संचालक से की गई है।

# मां कौशल्या संस्थान की नई प्रबंध कार्यकारिणी गठित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| चंदखुरी

माता कौशल्या मंदिर प्रांगण मंगल भवन नगर पंचायत चंदखुरी में शनिवार 10 जनवरी 2026 को बैठक आयोजित हुई, उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से मां कौशल्या जन्मभूमि सेवा संस्थान की नई प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया। संस्थान के मीडिया प्रभारी पोषण मारकंडे ने बताया नये पदाधिकारी में संरक्षक देवेन्द्र सिंह वर्मा, गालव कुमार साहू, हेमंत वर्मा, घनश्याम वर्मा व जनक धीवर (बैगा) को बनाया गया वही अध्यक्ष पद के लिए रामस्वरूप वर्मा, उपाध्यक्ष के लिए ओमप्रकाश साहू, सायकल स्टोर वाले संतोष साहू, डॉ जनक धीवर, सचिव टेलर मास्टर संतोष साहू, सही-सचिव दिनेश वर्मा (सागर) कोषाध्यक्ष रविशंकर धीवर सह-कोषाध्यक्ष डागेश्वर साहू, नरेन्द्र वर्मा, प्रचार प्रसार व मीडिया प्रभारी अमित वर्मा, तोषण लाल पटेल, लीलाधर वर्मा व पोषण मारकंडे को जिम्मेदारी सौंपी गई। पूर्व पदाधिकारी द्वारा नये दायित्वों को बधाई शुभकामना दिया गया, बता दें कि चंदखुरी भगवान राम का ननिहाल व माता कौशल्या का जन्मभूमि है यहां भव्य मंदिर निर्मित है, सालभर श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं मंदिर की प्रसिद्धि से पर्यटन को बढ़ावा मिला है।

## कांग्रेस मनरेगा बचाओ चौपाल में छग प्रभारी विजय जांगिड़ हुए शामिल

# मनरेगा को खत्म करने की सुनियोजित साजिश का कांग्रेस करेगी विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेंद्री में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर एवं नवापारा के तत्वावधान में मनरेगा बचाव जन चौपाल एवं एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनरेगा को समाप्त करने की सुनियोजित साजिश के तहत नया विधेयक लाया गया है, जो गरीब एवं मजदूर वर्ग के काम के अधिकार को खत्म कर देगा। राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालकर इस जनकल्याणकारी योजना को कमजोर किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण विकास ठप हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब-मजदूरों के अधिकारों, रोजगार की गारंटी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए मजबूती से संघर्ष करती रहेगी। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष पप्पू राजेंद्र बंजारे ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का नाम हटाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आशंका जताई कि यह केवल शुरुआत है और भविष्य में अन्य महापुरुषों के नाम भी योजनाओं से हटाए जा सकते हैं, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर देशभर में मनरेगा के बचाव को लेकर आंदोलन चल रहा है। केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम परिवर्तन कर नया नाम देना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के साथ अन्याय है। साथ ही मजदूरों के लिए लाए जा रहे नए कानून भी उनके हितों के विरुद्ध हैं। उन्होंने मांग की कि मनरेगा का नाम पूर्ववत रखा जाए, अन्यथा कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन जारी रखेगी। जन चौपाल एवं धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री एवं मनरेगा बचाओ आंदोलन के रायपुर जिला समन्वयक शाहिद खान , पीसीसी सचिव प्रवीण साहू, पर्वू जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा,ब्रम्हानंद ठाकुर,विद्या भूषण सोनवानी , सौरभ शर्मा, गिरधारी साहू,जिपं.सदस्य यशवंत साहू,प्रतिनिधि लोकमणी ,जीत सरदार, उत्रसेन गहिरवारे, बलविंदर गांधी, नीलकमल गिलहरे, डोमेन्द्र साहू, विरेन्द्र सिन्हा,उपजीत सचदेवा,सौदागर सोनकर,फतीश साहू, दयाराम जागड़े, चन्द्रहास साहू,पन्नालाल नवरंगे,शशि प्रकाश साहू, सहदेव कोसरिया,नीलम जोशी,सारिका साहू,रानू बंजारे,शैलेन्द्र यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### निगम के वर्कशाप में 40 गाड़ियां कंडम...

करने वाली जेसीबी मशीन, वार्डों में पानी आपूर्ति के लिए खरीदे गए पानी टैंकर, सफाई कार्य में प्रयुक्त कचरा गाड़ी, कूड़ा ढोने वाली ट्रैक्टर ट्राली, डंपर, ट्रक से लेकर नगर निगम जोन के अधिकारियों के लिए खरीदी जीप, माजदा और सूमो वाहन शामिल हैं। कुल मिलाकर करीब 60 पुरानी गाड़ियों की हालत ऐसी है, जो एक अरसे से उपयोग में नहीं लाई जा रही है। एक जगह पर खड़ी होने से कुछ गाड़ियां जमीन में धंस गई हैं। कुछ में खरपतवार व झाड़ियां उग आई हैं। 40 गाड़ियां पूरी तरह कंडम हालत में हैं, जबकि 20 अलग-अलग तरह की गाड़ियों के बारे में कहा जा रहा है कि मरम्मत के बाद इसे काम में लाया जा सकता है। दिक्कत ये है, सुरक्षा के अभाव में इन गाड़ियों में से ज्यादातर गाड़ियों के कलपुर्जे गायब हैं। जिन गाड़ियों के कलपुर्जे सही सलामत हैं, वे एक अरसे से बारिश, धूप में खुले आसमान के नीचे रखने से जंग लग गए।

**नीलामी के बाद भी नहीं बिकीं पुरानी गाड़ियां:** विभागीय अधिकारियों का कहना है, पूर्व में अनुपयोगी हो चुकी गाड़ियों की नीलामी के लिए निगम की ओर से टेंडर निकाला गया था, जिसमें कुछ गाड़ियां तो बिक गईं पर ज्यादातर गाड़ियां ऐसी रहीं, जिसका नगर निगम ने टैक्स नहीं दिया था, इसलिए ऐसी गाड़ियों को खरीदारों ने रिस्पांस नहीं दिया। दूसरा कारण ये रहा कि लोक निर्माण विभाग ने निगम की पुरानी गाड़ियों का जो रेट वैल्यूशन किया, वह बहुत ज्यादा था, इसलिए खरीदार नही मिले।

**कंडम गाड़ियों की बनाई सूची, आयुक्त को भेजेंगे:** मोटर वर्कशाप में सालों से बिना उपयोग के डंप 60 अलग-अलग तरह की गाड़ियों को स्क्रैप घोषित कर इसे नीलाम करने की तैयारी की जा रही है।

### बदमाशों ने पहले...

को गिरफ्तार किया है। मृतक तथा आरोपी पक्ष आदतन अपराधी हैं। उनके खिलाफ तेलीबांधा तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।
चाकूबाजी की घटना में भनपुरी निवासी आदित्य कुर्रे (21) की मौत हुई है। मृतक का साथी काशीराम नगर निवासी अभय सारथी (20) घायल है। अदित्य की हत्या तथा अभय की हत्या के प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने काशीराम नगर निवासी लोकेश विश्वकर्मा, उसका सगा भाई आकाश विश्वकर्मा, श्याम नगर निवासी दिव्यांश ध्रुव, पुराना राजेंद्र नगर निवासी अनुज यादव तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। लोकेश तथा आकाश का नाम पुलिस की गुंडा सूची में शामिल है।

### कोई देखे न ले इसलिए...

देखे नहीं, इसलिए बदमाशों ने स्ट्रीट लाइट बंद कर दी। रात में बदमाशों के चीखने चिल्लाने की आवाज सुन कर गली के लोग काफी दहशत में थे। आदित्य तथा उसका साथी मदद के लिए चिल्लाते रहे, बदमाशों के खौफ से सहमे गली के लोग बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं जुटा पाए।
गांजा कारोबार को लेकर...
को रास्ते से हटाने के लिए लोकेश ने अपने दोस्तों के साथ पूरी प्लानिंग के साथ हत्या की।

### पुलिस का तर्क आपसी...

शराब पीने के दौरान लोकेश तथा उसके साथी आदित्य के साथ दीपावली के समय हुए विवाद को लेकर बहस करने लगे। इस बीच बचाव करने की अभय ने कोशिश की। इसके बाद सभी बदमाश आदित्य तथा उसके साथी के साथ मारपीट करने लगे। आदित्य तथा उसका साथी मौके से जान बचाकर भागे।

### 200 क्विंटल अवैध...

केंद्रों से मिलिंग के लिए लगातार उठाव भी किया जा रहा है, लेकिन ऐसी कई राइस मिल भी हैं, जिसके संचालकों द्वारा अवैध रूप से धान का भंडारण एवं परिवहन किया जा रहा है। ऐसे ही राइस मिलों पर नजर रखने एवं जांच करने के लिए प्रशासन ने समितियों का गठन किया है। ये समितियां लगातार उपार्जन केंद्रों से लेकर राइस मिलों की जांच कर रही हैं। इस कड़ी में एक टीम ने धरसींवा के ग्राम दोंदेकला स्थित प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति में संयुक्त जांच दल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पीडी राइस मील से 500 कट्टा (200 क्विंटल) धान ट्रक में भरा पाया। पूछताछ पर पता चला कि यह धान उपार्जन केंद्र से उठाव किया हुआ नहीं है। इस मिल के संचालक नूतन अग्रवाल पति प्रदीप अग्रवाल है।

### चाइनीज मांझे पर सख्ती, दुकानों से...

वार्ड पार्षद सोहन साहू और जोन 1 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमराज देवांगन की मौजूदगी में जांच हुई। इस दौरान प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद किया गया। इसके साथ ही संबंधित दोनों दुकानदारों पर 5, 5 हजार रुपए जुर्माना लगाते हुए दोबारा ऐसी गलती न करने की चेतावनी दी गई।



## 32 हितग्राहियों को दिए भवन अनुज्ञा स्वीकृति पत्र

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने सोमवार को नगर निगम जोन 3 क्षेत्र के वार्डों के 32 रहवासी हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा स्वीकृत पत्र प्रदान किए। मोर जमीन मोर मकान घटक के अंतर्गत इन हितग्राहियो को मकान निर्माण के अनुज्ञा स्वीकृत पत्र दिए गए। इस दौरान जोन 3 अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू, एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, पार्षद पुष्पा-रोहित साहू, राजेश गुप्ता, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, अक्षय भारद्वाज उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत



**रायपुर।** नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग और नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब के मध्य नीलाभ उद्यान परिसर में स्थित उनकी विशालकाय ध्यानमग्न प्रतिमा स्थल के समक्ष पुष्पांजलि आयोजन रखा गया। संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने युवाओं के आध्यात्मिक प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद को जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर सादर नमन किया। पुष्पांजलि कार्यक्रम में संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 4 के अध्यक्ष मुरली शर्मा, पार्षद अजय साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता आदि शामिल हुए।

### निधन

**एनयू खान**



**रायपुर।** कैपिटल पैलेस, अवंति विहार निवासी, सेवानिवृत्त सहायक संचालक स्टेट ऑडिट एनयू खान का इंतेकाल हो गया। उन्हें बैरन बाजार कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया।

# सीबीसी मशीन के मेंटेनेंस और रीएजेंट की खरीदी के लिए दरों का निर्धारण, जल्द ही काम करेगी कंपनी

## मोक्षित कार्पोरेशन की मॉडल चंदा को पुनः शुरू करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मोक्षित कार्पोरेशन की मॉडल चंदा- 9904 की ब्लड सेल काउंटर मशीनों के मेंटेनेंस और उसके रीएजेंट खरीदी के लिए अनुबंधित संस्था की प्रस्तावित दर को स्वीकृति प्रदान की गई है। सीजीएमएससी द्वारा अनुमोदित दर के आधार पर शीघ्र की रीएजेंट की सप्लाई के बाद मशीन को शुरू करने का प्रयास प्रारंभ होगा। रीएजेंट की खरीदी के लिए दिल्ली की कंपनी वेंगगार्ड डायग्नोस्टिक प्रायवेट लिमिटेड दिल्ली को सीजीएमएस ने अनुबंधित किया है।

लगभग तीन महीने की लंबी प्रक्रिया के बाद मोक्षित कार्पोरेशन की स्वास्थ्य केंद्रों में बंद सीबीसी मशीनों को शुरू करने की अंतिम प्रक्रिया पूरी की जा रही है। दिल्ली की डायग्नोस्टिक कंपनी के प्रस्तावित दर को अनुमोदित किया गया है। कंपनी इन मशीनों के रखरखाव के साथ उसमें लगने वाले रीएजेंट की सप्लाई भी करेगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में जल्दी ही इन मशीनों के मेंटेनेंस के साथ रीएजेंट की मदद से इनसे मरीजों की जांच शुरू की जाएगी। इस मशीन के सक्रिय होने के बाद स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों की जांच भी वहीं कर ली जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग की खरीदी का सबसे बड़ा घोटाला खुलने के बाद करोड़ों रुपए की यह मशीन स्वास्थ्य केंद्र में डंप हो गई थी। सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक द्वारा इन मशीनों को जनहित में शुरू करने के लिए गंभीरता दिखाई। शासन स्तर पर इसकी अनुमति मिलने के बाद इन मशीनों के रखरखाव और रीएजेंट की खरीदी के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जो अब पूरी होने की संभावना है।

### दो हजार से 59 रुपए तक के रीएजेंट

सीबीसी मशीन को चलाने के लिए दो हजार से 59 रुपए के सात सामग्रियों की खरीदी की जाएगी। इनमें इंसेंट माइक्रो ई-क्लीन 2063 रुपए प्रति पीस, प्रोब क्लीनलर 50 एमएल 1874 रुपए तथा थर्मल पेपर रोल 59 रुपए भी शामिल है। इस काम के लिए दो कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई थी जिसमें से दिल्ली की कंपनी की दर को अनुमोदित किया गया।



फाइल फोटो

### 38 करोड़ की हुई थी खरीदी

जानकारी के अनुसार सीजीएमएससी के अधिकारियों की मदद से संबंधित कंपनी द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में करीब 38 करोड़ की मशीनों की खरीदी की गई थी। इन मशीनों को राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों तक भेजा गया था। घोटाला सामने आने के बाद काफी संख्या में मशीनों का उपयोग बंद हो गया था और कई मशीनें लॉक हो गई थी। अधिकारिक सूत्रों का दावा है कि जिन मशीनों को कोडवर्ड से लॉक नहीं किया गया था वह अभी चल रही है।

# 9 माह में हुई 31818 रजिस्ट्री 572 करोड़ से अधिक की आय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर जिले में इस बार वित्तीय वर्ष 2025-26 में रजिस्ट्री के नियमों में उतार-चढ़ाव और साफ्टवेयर में आ रही दिक्कतों का असर रजिस्ट्री पर भी पड़ा है। जिले में अब तक रजिस्ट्री में भी गिरावट आई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से दिसंबर तक 9 महीनों में कुल 31 हजार 818 रजिस्ट्री हुई है, जिससे 572 करोड़ 10 लाख से अधिक आय हुई है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9 महीनों में लगभग साढ़े आठ करोड़ से अधिक की आय हुई थी। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में लगभग ढाई सौ करोड़ रुपए की कम आय हुई है। विभागीय अधिकारी का कहना है कि वित्तीय वर्ष खत्म होने में ढाई माह और शेष है। इन ढाई माह में रजिस्ट्री और आय दोनों बढ़ेगी।

***पिछले वर्ष एक हजार करोड़ आय का मिला था टारगेट, इस बार कोई आदेश नहीं :*** पंजीयन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में हर जिले को रजिस्ट्री से आय का टारगेट दिया गया था। इसके तहत रायपुर जिले को एक हजार करोड़ रुपए आय का टारगेट मिला था। इस टारगेट को जिला पंजीयन विभाग ने पूरा भी किया, लेकिन इस बार पंजीयन विभाग के नियमों में किए गए कई बदलाव के कारण जिलों को टारगेट ही नहीं दिया है। यहीं कारण है कि इस बार जिले में रजिस्ट्री में कमी के साथ आय में भी भारी कमी आई है।



### जमीनों की दरें बढ़ने का भी रजिस्ट्री पर असर

शासन ने चालू वर्ष में जमीनों की कीमत भी कई गुना बढ़ा दी है। इसके कारण रजिस्ट्री में लगने वाला मुद्रांक और पंजीयन शुल्क भी बढ़ गया है। एक ओर जहां जमीन की कीमत बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर रजिस्ट्री में राशि बढ़ने के कारण भी रजिस्ट्री में कमी आई है। सूत्रों की मानें तो जमीन की नई दरें तय होने के बाद रजिस्ट्री में करीब 40 प्रतिशत तक गिरावट आई है।

### इस बार टारगेट नहीं मिला

इस बार टारगेट नहीं मिला है। गाइड लाइन में कई बदलाव किए गए हैं। इसके अनुसार साफ्टवेयर भी अपडेट किया जा रहा है। इसके कारण रजिस्ट्री में पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट आई है। साल खत्म होने में अभी ढाई माह और है। इस दौरान रजिस्ट्री के साथ आय भी बढ़ेगी।

*- **विनोज कोचे**, पंजीयक, पंजीयन विभाग रायपुर*

### सर्वर समस्या के कारण भी रजिस्ट्री में गिरावट

इस बार पंजीयन विभाग के साफ्टवेयर में सर्वर की समस्या के कारण भी रजिस्ट्री कम हुई है। प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालयों में सर्वर की अनेकों बार समस्या आई हैं। इसके कारण सैकड़ों की संख्या में रजिसट्रियां भी कैंसिल हुई है। ऑनलाइन अपाइटमेंट कैंसिल होने के कारण दोबारा अपॉइटमेंट लेने में लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा, वहीं कई लोगों ने एक बार में रजिस्ट्री नहीं होने के कारण सौंदा ही कैंसिल कर दिया।

### मुद्रांक शुल्क 366 करोड़ एवं पंजीयन शुल्क से 205 करोड़ से अधिक आय

पंजीयन कार्यालय रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार एक अप्रैल से लेकर 31 दिसंबर 2025 के दौरान जिले में कुल 31818 रजिस्ट्री हुई है। इसमें मुद्रांक शुल्क से 366 करोड़ 30 लाख 45 हजार 866 रुपए तथा पंजीयन शुल्क से 205 करोड़ 79 लाख 61 हजार 182 रुपए की आय हुई है। इस तरह कुल 572 करोड़ 10 लाख 7 हजार 38 रुपए की आय हुई है।

# प्रायोगिक परीक्षाओं के बाद होंगे प्री बोर्ड डीपीआई ने 20 तक दी थी मोहलत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- 19 से 24 जनवरी तक होगी प्री बोर्ड परीक्षाएं, समय-सारिणी जारी

जिले में प्री बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 19 से 24 जनवरी तक होगा। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा इसकी समय-सारिणी जारी कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल और लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश पश्चात एक दिन में दो परीक्षाएं आयोजित करने की स्थिति निर्मित हो गई थी। अब बोर्ड कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षाओं के बाद प्री बोर्ड का आयोजन होगा। गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा स्कूलों को 1 से 20 जनवरी के मध्य प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित कर अंक प्रेषित करने निर्देश दिए गए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा भी प्रदेशभर के स्कूलों से कहा गया है कि वे 20 जनवरी तक प्री बोर्ड आयोजित करें।

आदेश जारी होने के पश्चात स्कूलों में परीक्षा को लेकर असमंजस की स्थिति थी। एक ही दिन में दो परीक्षाएं आयोजित किए जाने को लेकर प्राचार्य संग शिक्षक भी हलाकान थे। अब स्थिति स्पष्ट करते हुए जिला शिक्षा कार्यालय ने 19 से 24 जनवरी तक प्री बोर्ड आयोजित करने निर्देश दिए हैं। स्कूलों से कहा गया है कि परीक्षा वाले दिन ही छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं जांच ली जाएं ताकि डीपीआई को यथाशीघ्र परिणाम प्रेषित किए जा सकें।



विद्यालय असमंजस में, पूछ रहे- प्रैक्टिकल परीक्षा लें अथवा प्री बोर्ड

एक दिन में दो परीक्षाएं ! माशिम ने कहा-20 जनवरी तक प्रायोगिक लें, इन्हीं तिथियों में प्री बोर्ड लेने डीपीआई का फरमान

बाह्य परीक्षक अनिवार्य

माशिम व डीपीआई में तालमेल नहीं

### जारी है प्रायोगिक परीक्षाएं

नववर्ष और सप्ताहंत के कारण अधिकतर स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं 5 जनवरी से प्रारंभ हुई है। स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं जारी हैं। बोर्ड कक्षा की प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए बाह्य परीक्षक नियुक्त किए जाते हैं। दूसरे स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं लेने शिक्षक पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। इस कारण भी पूर्व निर्धारित तिथियों में प्री बोर्ड आयोजित करने दिक्कतें आ रही थी। छग बोर्ड के स्कूलों के साथ ही सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में भी प्रयोगिक परीक्षाएं जारी हैं। यहां भी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा होते ही छात्रों के अंक ऑनलाइन अपलोड कर दिए जाएं। अंक अपलोड करने के दौरान सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं, क्योंकि इसमें पुनः परिवर्तन नहीं होगा।

### समय-सारिणी जारी

विद्यालयों को टाइम-टेबल भेज दिया गया है। 19 जनवरी से प्री बोर्ड परीक्षाएं होंगी। 24 को अंतिम परीक्षा के बाद कुछ दिनों के अंतराल में ही नतीजे जारी कर देंगे।

*- **हिमांशु भारतीय**, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर*

## बच्ची से अश्लील हरकत, बुजुर्ग दुकानदार गिरफ्तार

**रायपुर।** राजा तालाब में एक डेलीनीड्स दुकान में सामान खरीदने के लिए आने वाली 10 वर्षीय बच्ची से आए दिन अश्लील हरकतें करने वाले बुजुर्ग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बुजुर्ग पर आरोप है कि दुकान में रोजाना सामान लेने जब बच्ची जाती थी तो उस दौरान दुकानदार उससे छेड़खानी करता था। इसकी जानकारी बच्ची ने अपने परिजनों को दी, जिसके बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सिविल लाइंस पुलिस ने पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# दो महीने से अटकी निक्षय पोषण योजना की राशि सैंपल कलेक्शन करने वालों का भुगतान भी अटका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- कार्ट्रिज का टोटा, दस ट्रू नॉट मशीन के भरोसे टीबी की जांच, पांच बिगड़ी पड़ी

टीबी उन्मूलन अभियान के लिए चलाए जा रहे अभियान के बीच संक्रमितों को पिछले दो महीने से निक्षय पोषण योजना की राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इतना ही नहीं, जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्रों से सैंपल कलेक्शन करने वालों का भुगतान भी तीन महीने से नहीं हुआ है। कार्ट्रिज की सप्लाई कम होने की वजह से सीबी नॉट की क्षमता कम हो गई है और पांच ट्रू नॉट मशीन के खराब होने की वजह दस मशीनें सैंपल परखने के काम आ रही है।

रायपुर जिले में टीबी मरीजों की पहचान के लिए सामान्यतः पांच सौ सैंपलों की जांच प्रतिदिन की जाती है। अभी जांच व्यवस्था प्रभावित होने की वजह से आधे सैंपलों की जांच हो पा रही है। सूत्रों के मुताबिक निक्षय पोषण योजना के तहत केंद्र सरकार 1000 और राज्य शासन द्वारा करीब पांच सौ रुपये उपचार अवधि तक मरीजों को प्रदान किया जाता है। यह राशि मरीजों को पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए दिया जाता है। पिछले दो महीने से सर्वर में समस्या होने की वजह से मरीजों के खाते में यह राशि नहीं जा पा रही है। अभियान को सफल बनाने के लिए जिले भर के स्वास्थ्य केंद्रों से सैंपल कलेक्शन करने करीब डेढ़ दर्जन कर्मचारियों की व्यवस्था की गई है।

सूत्रों के अनुसार इन्हें अक्टूबर के बाद से अब तक वेतन नहीं मिल पाया है। सबसे बड़ी दिक्कत सैंपलों की जांच के लिए सीबी नॉट मशीन में उपयोग किए जाने वाले कार्ट्रिज का शार्टेज हो गया है। इसका विकल्प ट्रू नॉट मशीन है मगर इससे भी टेस्टिंग पूरी क्षमता से नहीं हो पा रही है क्योंकि जिला स्तर पर पत्र व्यवहार के बाद भी पांच बिगड़ी मशीनों को सुधारने अब राज्य स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।

### डेढ़ हजार मरीजों की राशि अटकी

सूत्रों के अनुसार निक्षय पोषण योजना के तहत रायपुर जिले में करीब डेढ़ हजार टीबी संक्रमितों को राशि दिलाने के लिए प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। यह राशि सीधे टीबी संक्रमित द्वारा दिए गए बैंक अकाउंट में जमा कराया जाता है। राशि ट्रांसफर की यह प्रक्रिया राज्य स्तर पर पूरी की जाती है जो पोर्टल प्राब्लम की वजह से अटकी हुई है।



### चौबीस घंटे जांच

उपलब्ध संसाधनों के जरिए चौबीस घंटे और अवकाश के दिन भी टीबी सैंपलों की जांच कराई जा रही है। भुगतान से संबंधित सारी प्रक्रिया की जानकारी राज्य स्तर के अधिकारियों को दी जा चुकी है। इसका समाधान उसी स्तर पर किया जा सकेगा।

*- **डा. अविनाश चतुर्वेदी**, जिला नोडल अफसर, टीबी उन्मूलन अभियान*

### सैंपल कलेक्शन की दर 6 रुपए

सैंपल कलेक्शन करने के लिए रायपुर जिले में करीब डेढ़ दर्जन लोगों को रखा गया है। यह कर्मचारी जिलेभर के स्वास्थ्य केंद्रों से सैंपल कलेक्शन कर उसे जांच के लिए कालीबाड़ी स्थित टीबी उन्मूलन केंद्र तक लाते है। इसके बदले उन्हें 6 रुपये प्रति सैंपल की दर से भुगतान किया जाता है। इन्हें सितंबर के बाद मानदेय नहीं मिलने की वजह से सैंपल कलेक्शन करने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है।

## बिजनेस साइट

### सिपेट रायपुर और शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी के बीच करार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के नागरिकों को बेहतर और सतत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सिपेट, रायपुर एवं शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी, रायपुर (छ.ग. राज्य शासन) के मध्य करार पर हस्ताक्षर किए गए। यह करार आयुर्वेदिक दवाओं की पैकजिंग हेतु आवश्यक उच्च गुणवत्ता वाले प्लास्टिक जार के उत्पादन एवं आपूर्ति के लिए किया गया है। करार पर सिपेट रायपुर के प्रधान निदेशक डॉ. आलोक साहू एवं शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी के उप संचालक डॉ. तीजराम राठिया ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों संस्थानों ने वर्तमान एवं भविष्य में गुणवत्तापूर्ण पैकजिंग सामग्री समय पर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में दोनों संस्थाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का भव्य आयोजन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक द्वारा अपने सेवायुक्तों में उत्साह, आपसी सहयोग एवं टीम भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव 2025-26 का भव्य आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा के प्रेरक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक क्षमता को सशक्त बनाते हैं, बल्कि तनाव प्रबंधन, नेतृत्व विकास एवं आपसी समन्वय जैसे गुणों को भी विकसित करते हैं। उन्होंने सभी को जीवन के हर चरण में खेल से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक श्री जाट, श्री रायकवाड, श्री सतपथी, श्री ताम्रकार सहित क्षेत्रीय प्रबंधकगण उपस्थित रहे। पूरे छत्तीसगढ़ से आए 300 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक महाप्रबंधक एवं क्रीड़ा संयोजक दीप कुमार ध्रुव तथा उनकी टीम द्वारा किया गया।

### तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी में राज्यपाल ने किया पर्यावरण योद्धा का सम्मान



**रायपुर।** प्रकृति की ओर सोसाइटी, रायपुर (छत्तीसगढ़) के तत्वावधान में गांधी उद्यान में 9, 10 एवं 11 जनवरी तक आयोजित तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी के पहले दिन राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए देवेंद्र कुमार तिवारी को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में राज्यपाल श्री डेका ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए आम नागरिकों से शहरी क्षेत्रों में टेरेस गार्डनिंग अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने पौधों के स्वस्थ विकास हेतु सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग पर भी जोर दिया।

### सिल्वर जुबली कॉन्फ्रेंसः नई सर्जिकल तकनीकों से तेज और सुरक्षित हो रहा फ्रैक्चर का इलाज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आर्थोपेडिक एसोसिएशन की सिल्वर जुबली कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन आधुनिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी पर विशेष फोकस रहा। देशभर से आए करीब 500 ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों ने नई तकनीकों और उनके व्यावहारिक लाभों पर अपने अनुभव साझा किए। विशेषज्ञों ने बताया कि उन्नत सर्जिकल विधियों और बेहतर इम्प्लांट्स के कारण अब कई फ्रैक्चर मरीज ऑपरेशन के दूसरे दिन से ही चलने लगते हैं, जिससे इलाज तेज और सुरक्षित हो गया है। कॉन्फ्रेंस में बच्चों के हिप और घुटने से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर चर्चा करते हुए बताया गया कि समय पर आधुनिक तकनीकों से इलाज कर विकलांगता को रोका जा सकता है। वहीं पैरों, कलाई और घुटने के जटिल फ्रैक्चर में नई फिक्सेशन और नेलिंग तकनीकों से जल्दी रिकवरी संभव हो रही है। विशेषज्ञों ने आर्थराइटिस मरीजों में जॉइंट रिप्लेसमेंट को टालने पर भी जोर दिया। सही समय पर इलाज और नई प्रक्रियाओं से सर्जरी की जरूरत कम की जा सकती है।

## पेज 11 के शेष ...

### निगम के वर्कशाप में 40 ...

करने वाली जेसीबी मशीन, वार्डो में पानी आपूर्ति के लिए खरीदे गए पानी टैंकर, सफाई कार्य में प्रयुक्त कचरा गाड़ी, कूड़ा ढोने वाली ट्रैक्टर ट्राली, डंपर, ट्रक से लेकर नगर निगम जोन के अधिकारियों के लिए खरीदी जीप, माजदा और सूमो वाहन शाामिल हैं। कुल मिलाकर करीब 60 पुरानी गाड़ियों की हालत ऐसी है, जो एक अरसे से उपयोग में नहीं लाई जा रही है। एक जगह पर खड़ी होने से कुछ गाड़ियां जमीन में धंस गई हैं। कुछ में खरपतवार व झाड़ियां उग आई हैं। 40 गाड़ियां पूरी तरह कंडम हालत में हैं, जबकि 20 अलग-अलग तरह की गाड़ियों के बारे में कहा जा रहा है कि मरम्मत के बाद इसे काम में लाया जा सकता है। दिक्कत ये है, सुरक्षा के अभाव में इन गाड़ियों में से ज्यादातर गाड़ियों के कलपुर्जे गायब हैं। जिन गाड़ियों के कलपुर्जे सही सलामत हैं, वे एक अरसे से बारिश, धूप में खुले आसमान के नीचे रखने से जंग लग गए। निगम प्रशासन की बेरुखी और विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण टिकरापारा स्थित मोटर वर्कशाप और नगर निगम के जोन कार्यालयों में डंप 60 गाड़ियां कंडम हालत में स्क्रैप होने के कगार पर हैं। समय रहते इन गाड़ियों की मरम्मत नहीं कराने से ये गाड़ियां अब कबाड़ की हालत में हैं। इन पर धूल की मोटी परत चढ़ चुकी है। इसके साथ ही इन गाड़ियों के आसपास झाड़ियां उग आई हैं। इनमें 7 गाड़ियां ऐसी हैं, जो कचरा ढोने के काम के लिए खरीदी गई थीं, पर इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। ***नीलामी के बाद भी नहीं बिकीं पुरानी गाड़ियां :*** विभागीय अधिकारियों का कहना है, पूर्व में अनुपयोगी हो चुकी गाड़ियों की नीलामी के लिए निगम की ओर से टेंडर निकाला गया था, जिसमें कुछ गाड़ियां तो बिक गईं पर ज्यादातर गाड़ियां ऐसी रहीं, जिसका नगर निगम ने टैक्स नहीं दिया था, इसलिए ऐसी गाड़ियों को खरीदारों ने रिस्पांस नहीं दिया। दूसरा कारण ये रहा कि लोक निर्माण विभाग ने निगम की पुरानी गाड़ियों का जो रेट वैल्यूशन किया, वह बहुत ज्यादा था, इसलिए खरीदार नही मिले।

***कंडम गाड़ियों की बनाई सूची, आयुक्त को भेजेंगे :*** मोटर वर्कशाप में सालों से बिना उपयोग के डंप 60 अलग-अलग तरह की गाड़ियों को स्क्रैप घोषित कर इसे नीलाम करने की तैयारी की जा रही है। चूंकि कंडम हो चुकी गाड़ियों के बनाने में ज्यादा खर्च है, इसलिए इसकी मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### बदमाशों ने पहले स्ट्रीट लाइट...

को गिरफ्तार किया है। मृतक तथा आरोपी पक्ष आदतन अपराधी हैं। उनके खिलाफ तेलीबांधा तथा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। चाकूबाजी की घटना में भनपुरी निवासी आदित्य कुर्रे (21) की मौत हुई है। मृतक का साथी काशीराम नगर निवासी अभय सारथी (20) घायल है। अदित्य की हत्या तथा अभय की हत्या के प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने काशीराम नगर निवासी लोकेश विश्वकर्मा, उसका सगा भाई आकाश विश्वकर्मा, श्याम नगर निवासी दिव्यांश ध्रुव, पुराना राजेंद्र नगर निवासी अनुज यादव तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। लोकेश तथा आकाश का नाम पुलिस की गुंडा सूची में शामिल है।

### कोई देखे न ले इसलिए...

देखे नहीं, इसलिए बदमाशों ने स्ट्रीट लाइट बंद कर दी। रात में बदमाशों के चीखने चिल्लाने की आवाज सुन कर गली के लोग काफी दहशत में थे। आदित्य तथा उसका साथी मदद के लिए चिल्लाते रहे, बदमाशों के खौफ से सहमे गली के लोग बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं जुटा पाए।

### गांजा कारोबार को लेकर...

को रास्ते से हटाने के लिए लोकेश ने अपने दोस्तों के साथ पूरी प्लानिंग के साथ हत्या की।

### पुलिस का तर्क आपसी...

शराब पीने के दौरान लोकेश तथा उसके साथी आदित्य के साथ दीपावली के समय हुए विवाद को लेकर बहस करने लगे। इस बीच बचाव करने की अभय ने कोशिश की। इसके बाद सभी बदमाश आदित्य तथा उसके साथी के साथ मारपीट करने लगे। आदित्य तथा उसका साथी मौके से जान बचाकर भागे।

### 200 क्विंटल अवैध धान जब्त...

केंद्रों से मिलिंग के लिए लगातार उठाव भी किया जा रहा है, लेकिन ऐसी कई राइस मिल भी हैं, जिसके संचालकों द्वारा अवैध रूप से धान का भंडारण एवं परिवहन किया जा रहा है। ऐसे ही राइस मिलों पर नजर रखने एवं जांच करने के लिए प्रशासन ने समितियों का गठन किया है। ये समितियां लगातार उपार्जन केंद्रों से लेकर राइस मिलों की जांच कर रही हैं। इस कड़ी में एक टीम ने धरसींवा के ग्राम दोंदेकला स्थित प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति में संयुक्त जांच दल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पीडी राइस मील से 500 कट्टा (200 क्विंटल) धान ट्रक में भरा पाया। पूछताछ पर पता चला कि यह धान उपार्जन केंद्र से उठाव किया हुआ नहीं है। इस मिल के संचालक नूतन अग्रवाल पति प्रदीप अग्रवाल है। टीम ने इस मामले में धान और ट्रक दोनों को कब्जे में लेकर राइस मिल को सील किया है।

### चाइनीज मांझे पर सख्ती...

वार्ड पार्षद सोहन साहू और जोन 1 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमराज देवांगन की मौजूदगी में जांच हुई। इस दौरान प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद किया गया। इसके साथ ही संबंधित दोनों दुकानदारों पर 5, 5 हजार रुपए जुर्माना लगाते हुए दोबारा ऐसी गलती न करने की चेतावनी दी गई।

**खबर संक्षेप**

### परिवहन विभाग में अवैध कार्रवाई, कड़ाई से हो जांच

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के ट्रांसपोर्ट विंग के प्रदेशाध्यक्ष पलविंदर सिंग पन्नू ने छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग एवं आरटीओ अधिकारियों द्वारा की जा रही कथित अवैध वसूली पर गंभीर सवाल उठाते हुए तत्काल निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जशपुर नगर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक चोरी की घटना ने पूरे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। बताया जा रहा है कि चोरी करने वाली युवती परिवहन विभाग के एक अधिकारी की भतीजी है, जिसने अपने ही चाचा के घर से लगभग 5 करोड़ रुपये चोरी किए। कोई भी ईमानदार सरकारी अधिकारी पूरी जिंदगी में मेहनत से इतनी बड़ी रकम नहीं कमा सकता। यह घटना इस बात का संकेत है कि परिवहन विभाग में बड़े पैमाने पर अवैध कमाई हो रही है।

### शिक्षक संघ ने की लंबित एरियर्स की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री जी द्वारा कर्मचारियों को 3% महंगाई भत्ता (डीए) घोषित किए जाने का स्वागत किया है। प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, यद्यपि यह घोषणा विलंब से की गई है, फिर भी इससे राज्य के कर्मचारियों एवं शिक्षकों में सकारात्मक संदेश गया है। यह 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता केंद्र सरकार के समान केंद्र की देय तिथि से लागू किया जाएगा तथा कर्मचारियों को महंगाई भत्ता के लंबित एरियर्स राशि का शीघ्र भुगतान भी सुनिश्चित किया जाएगा। भविष्य में एक ऐसी परंपरा विकसित होनी चाहिए, जिसके अंतर्गत केंद्र सरकार के साथ-साथ ही राज्य सरकार द्वारा भी महंगाई भत्ता देय तिथि से एरियर्स सहित प्रदान किया जाए।

### सिंधी सेवा महापंचायत के 150 पदाधिकारियों ने ली शपथ




**रायपुर।** शांतिनगर स्थित विमतारा हॉल में सोमवार को पूज्य छग सिंधी सेवा महापंचायत की युवा टीम एवं महिला टीम के 150 पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान महिला टीम ने स्वस्फूर्त भावना से शपथ ग्रहण समारोह को जोशो-खरोश से भर दिया, जिसकी सर्वत्र सराहना हुई। इस संबंध में प्रवक्ता दिनेश आनंद अठवानी एवं पवन प्रीतवानी ने बताया, सर्वप्रथम महेश आहूजा की युवा टीम का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम की दूसरी व मुख्य प्रतिभागी मातृशक्ति अध्यक्ष भावना कुकरेजा, कार्यकारी अध्यक्ष राशि बलवानी, महासचिव द्वय हर्षा मोटवानी-दीपिका जेठवानी ने भी शपथ ली। कार्यक्रम में श्रीचंद सुंदरानी, अमर गिदवानी, चेतन तारवानी, रमेश मिरघानी, जितेंद्र बडवानी, राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, रवि ग्वालानी, सचिन मेघानी, इंदर डोडवानी, गोविंद वाधवानी, सुदेश मंध्यान, राजेश गुरनानी, अशोक मलानी, चंदर विधानी, अमरदास खट्टर, मुखी महेश हरजानी, श्याम रूपरेला आदि उपस्थित रहे।

# आवासीय कालोनियों को रेस्को मोड में सोलर पैनल से मिलेगी सस्ती बिजली

**प्रदेश की 88 कालोनियों में स्ट्रीट लाइट, पंप हाउस, क्लब, सामुदायिक भवन को मिलेंगे कनेक्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश की 88 कालोनियों में रेस्को मोड में सोलर पैनल से सस्ती बिजली मिलेगी। ऐसा होने से कालोनियों का खर्च कम होगा और लाखों रुपए की बचत होगी। कालोनियों को महज चार रुपए यूनिट में बिजली मिलेगी, जबकि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की बिजली छह रुपए यूनिट से ज्यादा की पड़ती है। प्रदेश की करीब आधा दर्जन कालोनियों में काम भी प्रारंभ हो गया है। राजधानी रायपुर की कचना कालोनी में भी काम चल रहा है। रायपुर में 17 कालोनियों ने इस योजना के लिए सहमति दी है। कालोनियों की स्ट्रीट लाइट, पंप हाउस, क्लब हाउस, सामुदायिक भवन, जिम जैसे सार्वजनिक उपयोग वाले स्थानों में ही सोलर पैनल लगाए जाएंगे। केंद्र सरकार के साथ प्रदेश सरकार भी सोलर पैनल लगाने पर गंभीरता से काम कर रही है। देश में 2030 तक 500 गीगा वॉट क्षमता के सोलर पैनल लगाने की तैयारी है। इसी तरह से प्रदेश में भी ज्यादा से ज्यादा घरों के साथ कालोनियों, सरकारी दफ्तरों को भी सोलर पैनल से रोशन करने की तैयारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर आवासीय कालोनियों के लिए भी छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) ने योजना तैयार की है। क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी के मुताबिक रेस्को मोड सौर ऊर्जा के माध्यम से आवासीय कालोनियों में विद्युतीकरण किया जाएगा। इसके तहत राजधानी के कचना की आवासीय कालोनी में प्रदेश का पहला रेस्को मोड पर आधारित 150 किलोवाट क्षमता के ऑन ग्रिड सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसका काम पतंजलि रेनेबल द्वारा किया जा रहा है। श्री सवन्नी ने बताया इस योजना में प्रदेश की 88 आवासीय कालोनियों में सोलर ऑन ग्रिड पॉवर प्लांट स्थापना हेतु सहमति प्राप्त हो चुकी है।

**क्या होगा रोशन**

आवासीय कालोनियों द्वारा दिए गए स्थान पर सोलर पावर प्लांट की स्थापना की जा रही है। जिसमें सोलर पावर प्लांट स्थापना हेतु संपूर्ण निवेश रेस्को कंपनी द्वारा किया जा रहा है। सोलर प्लांट लगाने वाली कंपनियों को एक तय दर पर ही कालोनियों को बिजली देनी पड़ेगी। इसके लिए कीमत तय की गई है। सोलर प्लांट से कालोनियों की सोसाइटियों द्वारा संचालित सामुदायिक पेयजल पंप हाउस, स्ट्रीट लाइट, लिफ्ट, जिम इत्यादि सार्वजनिक उपयोग के स्थानों को बिजली मिलेगी। सौर ऊर्जा से सोसाइटी के बिजली खर्च में कमी आएगी।



**यह होगी कीमत**

रेस्को कंपनियों के लिए सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली की जो दरें तय की गई हैं, उसके मुताबिक 1 से 9 किलो वॉट के लिए 3.99 रुपए प्रति यूनिट, 10 से 49 किलो वॉट के लिए 3.89 रुपए प्रति यूनिट, 50 से 99 किलो वॉट के लिए 3.86 रुपए प्रति यूनिट, 100 से 10 किलो वॉट के लिए 3.80 रुपए यूनिट तय है। यह दर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी से मिलने वाली बिजली से बहुत कम है।

## जनसंपर्क अधिकारियों की दो दिवसीय राज्य स्तरीय कौशल संवर्धन कार्यशाला

# मीडिया के सभी माध्यमों का प्रयोग कर जनसंपर्क अधिकारी अपने कार्य को बना सकते हैं प्रभावशाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव एवं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त डॉ. रवि मित्तल ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारी एक्सक्लूजिव स्टोरी तैयार करें और इसके व्यापक प्रचार के लिए मीडिया के सभी माध्यमों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों की स्टोरी नेशनल और स्टेट लेवल पर प्रकाशित होगी, उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया जाएगा। आयुक्त डॉ. मित्तल नवा रायपुर स्थित संवाद के ऑडिटोरियम में जनसम्पर्क की नई चुनौतियां विषय पर जनसम्पर्क अधिकारियों की व्यावसायिक दक्षताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कौशल संवर्धन कार्यशाला में उक्त बातें कहीं।

- एआई टेक्नालॉजी के उपयोग से कम एफर्ट में होगा ज्यादा काम

आयुक्त डॉ. मित्तल ने कहा कि वर्तमान दौरे में जनसंपर्क में सूचना एवं जनसंपर्क का माध्यम बदल रहे हैं। नई-नई तकनीक आ रही है, जनसंपर्क अधिकारियों को भी उन तकनीकों का उपयोग कर अपने कार्य को प्रमाणिक, बेहतर और समयसीमा में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ प्रिंट मीडिया के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया का बखूबी उपयोग करना है, ताकि शासन की फैसलों को जनता तक पहुंचाया जा सके। इसके लिए अधिकारियों को नए टेक्नोलॉजी से अपडेट रहना होगा। उन्होंने इस मौके पर पत्रकारिता स्कूल-कॉलेजों के बच्चों को भी जनसंपर्क विभाग में इंटरशिप का अवसर देने पर बल दिया।

उद्घाटन सत्र में वरिष्ठ अधिकारियों में अपर संचालक जवाहरलाल दरियो, संजीव तिवारी, उमेश मिश्रा, आलोक देव ने जनसेवा में स्पष्ट, सरल और समयबद्ध संवाद की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनसंपर्क के लिए प्रभावी संवाद सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रतिभागियों को दो दिनों तक चलने वाले सत्रों की रूपरेखा और अपेक्षाओं से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य समाचार लेखन, टेलीविजन सहभागिता और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के माध्यम से जनसंपर्क को अधिक सशक्त, आधुनिक, संवेदनशील और उन्मुखी बनाना है।

कार्यशाला के प्रथम दिवस की शुरुआत पाठक-अनुकूल लेखन सरकारी समाचार को आकर्षक बनाना विषयक सत्र से हुई, जिसमें दैनिक भास्कर के संपादक श्री शिव दुबे ने मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सरकारी आदेशों और सूचनाओं से जनता से जुड़ी मुख्य बात को पहचानने, सरल और सुबोध भाषा के प्रयोग, प्रभावी हेडलाइन एवं लीड पैराग्राफ लिखने की जानकारी दी। साथ ही, प्रेस विज्ञप्ति की संरचना, उपयुक्त उद्धरणों के प्रयोग तथा संकट के समय मीडिया से संतुलित और समयबद्ध संवाद की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा की।

द्वितीय सत्र में आकाशवाणी के समाचार संपादक विकल्प शुक्ला ने टेलीविजन मीडिया की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों को विजुअल स्टोरी के रूप में प्रस्तुत करने, टीवी कवरेज के लिए आवश्यक तत्वों, कैमरे पर संक्षिप्त बाइट लेने और फैक्ट शीट के महत्व की जानकारी दी।

तीसरे सत्र में सोशल मीडिया और एआई टूल्स के उपयोग पर चर्चा हुई। सोशल मीडिया, डिजिटल मार्केटिंग और एआई विशेषज्ञ श्री राकेश साहू ने एआई डिजिटल टूल्स का उपयुक्त उपयोग कर फोटो, वीडियो एडिटिंग के बारे में मार्गदर्शन दिया। सोमवार के अंतिम सत्र में जनसंपर्क संचालनालय, भोपाल के सेवानिवृत्त संचालक लाजपत आहूजा ने पीआर टूल बॉक्स, स्टेकहोल्डर प्रबंधन तथा आपातकालीन संचार (क्राइसिस कम्युनिकेशन) से जुड़े तुरंत उपयोग योग्य उपकरणों की जानकारी दी।

# मकर संक्रांति के बाद लौटेगी कड़ाके की ठंड, तीन डिग्री तक होगी गिरावट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में कड़ाके की ठंड की वापसी मकर संक्रांति के बाद होने की संभावना है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री तक गिरावट होने की संभावना है। इससे कई इलाकों में शीतलहर का प्रकोप बढ़ने के आसार हैं। अभी नमी के प्रभाव से पारा धीमे-धीमे ऊपर चढ़ रहा है और अगले तीन दिन इसका असर रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर का दर्ज किया गया है। वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में निचले स्तर पर नमी युक्त हवा का प्रदेश में प्रवेश हो रहा है। इसके प्रभाव ने नीचे जाने वाला पारा ऊपर की ओर खिसक रहा है। इसका बहुत ज्यादा असर ठंड पर नहीं हो रहा है क्योंकि नमी आने के पहले न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी नीचे जा चुका है। अगले तीन दिन में होने वाली बढ़ोतरी के बाद मैदानी इलाकों पारा एक से दो डिग्री तक ऊपर जा सकता है। पिछले चौबीस घंटे में सरगुजा संभाग में ठंड बरकरार रही वहीं रायपुर समेत मध्य हिस्से में तापमान अपनी सामान्य स्थिति में रहा। अगले चौबीस घंटे में इसमें थोड़ी बढ़ोतरी होने के आसार है और प्रक्रिया 15 दिसंबर तक चलने की संभावना है। इसके बाद विक्षोभ का असर कम होगा और तापमान में गिरावट के बाद ठंड की वापसी होगी। रवि-सोमवार की दरम्यानी रात रायपुर का न्यूनतम तापमान 13.5 और अधिकतम 28.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

- नमी के असर से बढ़ रहा न्यूनतम तापमान, 3 दिन और असर

# दो प्राचार्यों समेत 9 सहायक प्राध्यापक निलंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा संस्थानों में शासकीय खरीदी नियमों का उल्लंघन उजागर होने के बाद शासन ने त्वरित और कठोर कार्रवाई करते हुए दो प्राचार्यों समेत नौ सहायक प्राध्यापकों को निलंबित कर दिया है। पहली कार्रवाई नारायणपुर जिले में हुई, जहां महिला महाविद्यालय के प्राचार्य और चार सहायक प्राध्यापकों को निलंबित किया गया। वहीं, दूसरी बड़ी कार्रवाई महासमुंद जिले में हुई, जहां एक प्राचार्य समेत चार सहायक प्राध्यापकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। उच्च शिक्षा विभाग में प्राप्त शिकायतों के अनुसार, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर ने 15 अप्रैल 2025 को एक ही दिन में लगभग 1 करोड़ रुपये के 26 क्रय आदेश बिना निविदा प्रक्रिया के जारी किए। इसी तरह शासकीय बोरणा सनातन संस्कृत आदर्श महाविद्यालय, नारायणपुर ने 14 अक्टूबर 2025 को 35 लाख रुपये के 22 क्रय आदेश और शासकीय आदर्श महाविद्यालय, लोहारकोट महासमुंद ने 22 अक्टूबर 2025 को 1 करोड़ रुपये मूल्य के 36 क्रय आदेश बिना निविदा प्रक्रिया अपनाए जारी किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने 28 नवंबर 2025 को अपर संचालक की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया। समिति की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्राचार्यों और सहायक प्राध्यापकों को निलंबित किया गया। नारायणपुर महिला महाविद्यालय में निलंबन नारायणपुर महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेंद्र पटेल और सहायक प्राध्यापक भूषण जय गोयल, किशोर कुमार कोठारी, हरीश चंद बैद एवं नोहर राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। यह कार्यवाही पी.एम. उषा मद से आबंटित राशि के दुरुपयोग और शासन के निर्धारित वित्तीय नियमों के पालन में अनियमितताओं के कारण की गई। निलंबन आदेश के अनुसार सभी संबंधित अधिकारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत निलंबित होंगे। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक, कार्यालय जगदलपुर निर्धारित किया गया है। इस दौरान जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता उन्हें दी जाएगी।

- उच्च शिक्षा विभाग की कार्रवाई

# बकाया वसूल करने स्टेट के साथ सेंट्रल जीएसटी ने सात हजार कारोबारियों को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डेढ़ माह के बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त हो जाएगा, वित्तीय वर्ष समाप्ती के पूर्व सेंट्रल तथा स्टेट जीएसटी की टीम ने कर वसूली का लक्ष्य पूरा करने सात हजार के करीब ऐसे कारोबारी जिन लोगों ने टैक्स जमा नहीं किया है, उन्हें नोटिस जारी किया है। कारोबारियों को जारी नोटिस पर आयकर तथा डीजीजीआई की भी नजर है।



- स्टेट ने लक्ष्य के अनुरूप 76 सेंट्रल ने 81 प्रतिशत कर वसूल
- वित्तीय वर्ष की समाप्ती के पूर्व टार्गेट पूरा करने की कोशिश

नित्तीय वर्ष 2025-26 में स्टेट जीएसटी को साढ़े 27 तथा सेंट्रल जीएसटी का 16 हजार करोड़ रुपए कर वसूली का लक्ष्य है। लक्ष्य के अनुरूप सेंट्रल जीएसटी ने 81 प्रतिशत 13 हजार करोड़ रुपए कारोबारियों से टैक्स वसूल की है। इसी तरह स्टेट जीएसटी ने 76 प्रतिशत 21 हजार कर वसूल किया है। जिन कारोबारियों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें से कई कारोबारी ऐसे हैं, जिनका बकाया टैक्स है। साथ ही टैक्स की राशि में अंतर है। सेंट्रल के साथ स्टेट जीएसटी 15 फरवरी तक हर हाल में कर वसूली का टार्गेट पूरा करने के प्रयास में जुटी हुई है। विवादित प्रकरणों का निबटारा ट्रिब्यूनल में होगा।

# सोने और चांदी पर कस्टम ड्यूटी खत्म करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय बजट 2026-2027 को लेकर सराफा व्यवसाय को लेकर केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को प्रेषित सुझाव में रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने सोने और चांदी पर कस्टम ड्यूटी जो वर्तमान में 6 प्रतिशत है, उसे समाप्त करने की मांग की है।

- रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को भेजा बजट के लिए सुझाव

श्री मालू ने सुझाव देते हुए कहा, सोने और चांदी के भाव में अ त य धि क उतार-चढ़ाव चल रहा है। इससे आम उपभोक्ता में असमंजस की स्थिति है। हर शहर में भाव अलग-अलग है। जिस प्रकार लंदन एवं न्यूयॉर्क में मेटल एक्सचेंज है इस प्रकार भारत में भी मेटल एक्सचेंज की स्थापना की जाए, जिससे आम उपभोक्ताओं को सोने और चांदी के सही भाव की जानकारी मिल सके और पूरे भारत में भाव में एकरूपता आ सके। श्री मालू का कहना है कि केंद्र सरकार ने



पूरे देश में हाल मार्किंग जेवर का विक्रय अनिवार्य किया है किंतु हॉल मार्किंग सेंटरों की उपलब्धता कम है। यदि हाल मार्किंग केंद्र खोलने में सब्सिडी दी जाती है तो पूरे देश में हाल मार्किंग सेंटर प्रत्येक जिले में स्थापित होने की संभावना है। वर्तमान में देश में सोने एवं चांदी के निर्माण करने वाले कारीगरों की स्थिति सही नहीं है इन्हें स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध किया जाए। साथ ही देश के सभी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में जेम्स एवं ज्वेलरी कोर्स प्रारंभ किया जाए। क्रेडिट कार्ड पर कार्ड स्वाइप चार्ज 2.5 से 3 प्रतिशत तक है उसे कम किया जाए साथ ही डेबिट कार्ड पर भी कार्ड स्वाइप चार्ज जोकि विभिन्न बैंकों के अलग-अलग है। 75 पैसे से 1.75 रुपए है। इसमें एकरूपता लाई जाए।

# निगम के नेता प्रतिपक्ष ने मांझे से घायल नेहा से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सोमवार को यादव परिवार की सदस्य नेहा से मिले, जो बीते दिवस लाखेनगर में पतंग के मांझे में फंसकर घायल हो गई थीं। ब्राह्मण पारा निवासी नेहा यादव रास्ते से गुजर रही थी, उसी दौरान जानलेवा चाइनीज मांझे की चपेट में आ गई, जिससे उनके होंठ और उंगली कट गई। मकर संक्रांति पर्व पर कारोबारी प्रतिबंधित मांझा बेच रहे हैं, उनके खिलाफ नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय मौन क्यों हैं? नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने अपर आयुक्त विनोद पांडे और स्वास्थ्य अधिकारी सहित जोन 4 कमिश्नर से चर्चा कर कार्रवाई के लिए कहा।

# छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियां अब होंगी रेजिडेंट वेलफेयर एसोशिएशन के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड ने अपनी आवासीय कॉलोनियों के संधारण एवं प्रबंधन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत बोर्ड के अधीन संचालित कॉलोनियों के रख-रखाव की जिम्मेदारी चरणबद्ध रूप से संबंधित रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को हस्तांतरित की जाएगी। यह प्रक्रिया 31 मार्च 2026 तक पूर्ण की जाएगी।

हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय में आयुक्त अवनीश कुमार शरण की अध्यक्षता में आयोजित वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक में इस सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उन सभी कॉलोनियों का मूल्यांकन किया गया, जिनका अब तक नगर निगम या स्थानीय निकायों को विधिवत हस्तांतरण नहीं हो सका है।



**हर कालोनी में होगा वेलफेयर एसोसिएशन**

आयुक्त श्री शरण ने निर्देश दिए कि ऐसी प्रत्येक कॉलोनी में रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का गठन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जब कॉलोनीवासी स्वयं अपने क्षेत्र के रख-रखाव और विकास से जुड़ते हैं, तो न केवल सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर होती है, बल्कि उत्तरदायित्व और स्वामित्व की भावना भी सुदृढ़ होती है। इस उद्देश्य से संबंधित उपायुक्तों एवं कार्यपालन अभियंताओं को कॉलोनीवासियों के साथ बैठकें आयोजित कर एसोशिएशन गठन की प्रक्रिया को तेज करने और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

**पहले चरण में 32 कालोनियां**

प्रथम चरण में बोर्ड की कुल 32 कॉलोनियों को वेलफेयर एसोसिएशन आधारित संधारण व्यवस्था के तहत सौंपा जाएगा। हस्तांतरण की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और जवाबदेह बनाने के लिए विशेष प्रशासनिक दिशानिर्देश भी जारी किए गए हैं। हाउसिंग बोर्ड का यह निर्णय न केवल कॉलोनीवासियों को अपने परिवेश के विकास में सक्रिय भागीदारी का अवसर देगा, बल्कि शहरी आवासीय क्षेत्रों में नागरिक सहभागिता, स्वशासन और उत्तरदायी संधारण व्यवस्था को भी नई मजबूती प्रदान करेगा। यह पहल छत्तीसगढ़ में सशक्त सामुदायिक शहरी प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है।






हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937





गणतंत्र दिवस परेड, छत्तीसगढ़ के ...

लाइव इवेंट

## सांस्कृतिक प्रस्तुति में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**रायपुर।** इंद्रप्रस्थ स्थित शिवम एजुकेशनल एकेडमी में वार्षिक उत्सव 'सृजन' एवं 7वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी रंगारंग और उद्देश्यपूर्ण प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रेरणादायी नाट्य और सामाजिक संदेशः समारोह में विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक पेश कर उनके विचारों को जीवंत किया। इसके साथ ही, 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'अहमदाबाद प्लेन क्रैश' जैसे गंभीर विषयों पर आधारित मंचन के माध्यम से छात्रों ने सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्रीय जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक क्षण वह रहा, जब कक्षा चौथी के छात्रों ने पिता को समर्पित एक विशेष प्रस्तुति दी, जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी बीएल तिवारी और प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन गुप्ता रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का होना अनिवार्य है। उन्होंने विद्यालय को 7 सफल वर्ष पूर्ण करने पर बधाई दी।

सिटी इवेंट

## वृद्धाश्रम में मकर संक्रांति से पहले रोटेरियन्स ने की सेवा



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर कोटा रोड स्थित संजीवनी वृद्धाश्रम में सोमवार सेवा दी गई। क्लब की सदस्यों ने वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों के बीच समय बिताते हुए इस दौरान बुजुर्गों को ट्रंक, शॉल, ऊनी दस्ताने, टोपी, साड़ी तथा नाश्ते का वितरण किया। इसके साथ ही आश्रितों के लिए क्लब द्वारा एक माह का राशन भी प्रदान किया गया। क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन नीरू अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सर्दी के मौसम में बुजुर्गों को राहत प्रदान करना एवं उन्हें अपनेपन का एहसास कराना था। इस अवसर पर चेयरपर्सन रोटेरियन शैलजा सिंघानिया ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवाकार्य को जारी रखने का प्रयास ऐलिगेंस द्वारा किया जाएगा।

### मेंबर्स को देख बुजुर्गों के चेहरे पर झलकी खुशी

इस दौरान क्लब की अध्यक्ष नीरू अग्रवाल, सचिव तनुश्री अग्रवाल, निशा, रीना, नीतू, निकिता, ऐनी सहित क्लब के सदस्य भी उपस्थित रहे। वृद्धाश्रम प्रबंधन ने इस सेवा कार्य के लिए संस्था के सभी सदस्यों एवं दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। बुजुर्गों के जीवन में खुशियों की वजह बनने के लिए उन्होंने साधुवाद दिया। इससे वृद्धाश्रम में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। ग्रुप मेंबर्स को देख बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी की लहर नजर आई। बुजुर्गों ने मेंबर्स को अवसर को यादगार बनाने ऐलिगेंस मेंबर्स के साथ ग्रुप फोटो भी शूट कराई।

समाज इवेंट

## एक प्रयास संस्था ने बच्चों को दिए तिल-गुड़ के लड्डू



**रायपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर सोमवार को समाजसेवी संस्था 'एक प्रयास' ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर गरीब बच्चों के बीच खुशियां बांटीं। संस्था की ओर से शहर की अलग-अलग बस्तियों और चौक-चौराहों पर जरूरतमंद बच्चों को तिल और गुड़ के लड्डू वितरित किए गए। संस्था के सदस्यों ने शहर के दर्जनों स्थानों का दौरा किया। उन्होंने न केवल बच्चों का मुंह मीठा कराया, बल्कि उन्हें मकर संक्रांति पर्व के सांस्कृतिक महत्व के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान संस्था ने एक सामाजिक अभिभावक की भूमिका निभाते हुए बच्चों की सेहत और उनकी शिक्षा के स्तर के बारे में भी पूछताछ की। एक प्रयास' संस्था के सदस्यों ने बताया कि वे समय-समय पर जरूरतमंद बच्चों की मदद करते रहते हैं। इसी कड़ी में सोमवार को यह विशेष अभियान चलाया गया। संस्था ने संकल्प लिया है कि आने वाले समय में वे इन बच्चों की अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने और उनकी शिक्षा में सहयोग देने का कार्य भी करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष सत्तू सिंह, पम्मी सिंह, संजय सोनी मौजूद रहे।



विश्व युवा दिवस पर सुभाष स्टेडियम से बुढ़ातालाब तक स्वदेशी संकल्प दौड़

# बुद्धि-साहस और अद्वितीय प्रतिभा के दम पर युवा नवरत्न हुए अलंकृत

### छत्तीसगढ़ का दुनिया में डंका बजाने वाले प्रदेश के 9 युवाओं को युवा रत्न-2026 सम्मान

छत्तीसगढ़ का दुनिया में ढंका बचाने वाले प्रदेश के 9 युवाओं को युवा रत्न 2026 सम्मान से अलंकृत किया गया है। यह सम्मान विश्व युवा दिवस के मौके पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिया गया। यह सम्मान समारोह सोमवार को शाम 7 बजे न्यू सर्किट हाउस के कन्वेंशन हॉल में आयोजित किया गया। इस युवा रत्न 2026 सम्मान के लिए प्रदेश के 109 युवाओं से आवेदन प्राप्त हुए, उनमें से 9 युवाओं को विज्ञान, खेल, उद्योग, साहित्य, कला, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय और अद्वितीय नवाचार के लिए प्रदान किया गया है।



**रायपुर।** इन युवा रत्नों में जिला बेमेतरा से दुनिया के सबसे युवा वैज्ञानिक पीयूष जायसवाल, कांकेर जिले से समाजसेवी शिल्पा साहू, सरगुजा से युवा साहित्यकार अमित यादव, महासमुंद से युवा नवाचार उद्यमी मृणाल विदानी, दुर्ग से उत्कृष्ट युवा वक्ता परिधि शर्मा, बिलासपुर से अंतर्राष्ट्रीय युवा कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी, कवर्धा से युवा कला एवं सांस्कृतिक प्रतिभा सचिन कुनहरे, युवा लोक गायिका आरू साहू और धमतरी से युवा स्टार सेवा संगठन शामिल रहे। यह सम्मान युवाओं को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी सहित युवा नौरत्नों के साथ उनके परिवार के लोग भी सम्मान समारोह में उपस्थित रहे।



स्वामी विवेकानंद जयंती पर एबीवीपी रायपुर की ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा, 400 मीटर लंबी विशाल तिरंगा के साथ 1000 विद्यार्थियों ने किया 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन।



### 1000 स्कूली बच्चों को बांटी कॉपी और पेन

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) 'उत्तर भाग' द्वारा सड्डू क्षेत्र में सामाजिक एवं शैक्षणिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभाविप के उत्तर भाग संयोजक संकल्प राजकमल और सह-मंत्री जयश सिद्धकी के नेतृत्व में सड्डू स्थित शासकीय विद्यालय के लगभग 1000 विद्यार्थियों को पेन एवं कॉपियों का वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्वामीजी के विचारों उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको से प्रेरित होकर छात्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता और राष्ट्र निर्माण की भावना का संचार करना था। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि परिषद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और समाज सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस दौरान विद्यालय परिवार एवं स्थानीय नागरिकों ने अभाविप की इस सेवाभावना की सराहना की।




छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के अवसर पर स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं स्वदेशी संकल्प सभा का आयोजन किया गया । सुबह स्वदेशी संकल्प दौड़ में सेमेस्टर परीक्षा के बाद भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ स्वदेशी अपनाएं भारत को आगे बढ़ाएं, विवेकानंद को पढ़ें और और जीवन में आगे बढ़े जैसे नारे लगाने के बाद दौड़ प्रारंभ किया। इसके उपरांत विप्र कॉलेज सभागार में स्वदेशी संकल्प सभा का आयोजन प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी की अध्यक्षता में किया गया।



*स्वामी विवेकानंद का प्रेरक जीवन हमें बताता है कि मनुष्य का जीवन लंबा नहीं, गहरा होना चाहिए। महज 39 साल के जीवन में विवेकानंद ने देश के लिए, समाज के लिए, हिंदूत्व के लिए ऐसा काम किया कि उनकी 150वीं जयंती पर भी हम सभी उन्हें स्मरण करते हैं और राष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हैं। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने सोमवार को आयोजित युवा दिवस कार्यक्रम में इस आशय के विचार व्यक्त किए।*



स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं अनुसंधान केंद्र, कृषि अभियांत्रिकी संकाय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, में स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस का गरिमामय एवं प्रेरणादायी आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।कार्यक्रम में प्रो. टोपलाल वर्मा, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर डॉ. गिरीश चंदेल की विशिष्ट उपस्थिति ने समारोह को और अधिक गरिमामय बनाया।

### दुनिया में कबड्डी की मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर



संजू देवी छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की एक अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी हैं, जो भारत की महिला कबड्डी टीम की एक प्रमुख रेडर हैं और हाल ही में 2025 महिला कबड्डी विश्वकप ढाका बांग्लादेश में विजेता टीम का हिस्सा रहीं, जहां उन्होंने 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' का खिताब जीता और फाइनल में निर्णायक प्रदर्शन किया, जिससे भारत ने लगातार दूसरी बार विश्वकप जीता। सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत से अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चमकने की कहानी है।



## विवेकानंद जयंती पर निकाली 'युवा रैली', सड़कों पर गूंजे नारे

श्रीरामकृष्ण विदयालय हायर सेकेंडरी इग्लिश मीडियम स्कूल मंगल बाजार जीई रोड से एक युवा रैली निकाली गई रैली में स्कूल के बच्चे स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की मर्ति पर माल्यार्पण करके की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठाकुर प्यारेलाल वार्ड के पार्षद व एमआरईसी मेम्बर अशोक पाण्डेय व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल रहे।

### वेग रहस्य पर शोध कर दुनिया को चौंकाया

बेमेतरा जिले के रहने वाले और भिलाई के शंकुतला विद्यालय रामनगर के छात्र पीयूष जायसवाल दुनिया के यंगेस्ट साइंटिस्ट हैं।



पीयूष ने बताया कि उन्होंने वेग रहस्य पर शोध कर दुनिया के शीर्ष रिसर्च सेंटर से पीएचडी सर्टिफिकेट और रिसर्च लेवल अप्रूवल सर्टिफिकेट प्राप्त पीएचडी की उपाधि हासिल की है। ब्रह्मांड जैसे जटिल विषय पर किताब लिखने वाले छात्र पीयूष जायसवाल ने दुनिया के सबसे कम उम्र के साइंटिस्ट बनने की उपलब्धि हासिल की है। इसलिए उन्हें युवा रत्न-2026 सम्मान से अलंकृत किया गया।

### चेच भाजी और गोबर कंडे से बनाया फॉरेंसिक फिंगरप्रिंट पाउडर



22 वर्षीय महासमुंद की मृणाल विदानी ने बताया कि उन्होंने चेच भाजी और गोबर की राख से फॉरेंसिक फिंगरप्रिंट पॉउडर और कोसा धागे से ब्रश बनाने का नवाचार किया है। इस नवाचार के लिए उन्हें युवा रत्न 2026 सम्मान से अलंकृत किया गया है।

### 25 हजार महिलाओं में लाई जागरूकता



कांकेर की 29 वर्षीय युवा समाजसेवी शिल्पा साहू ने बताया कि उन्होंने जिले के 22 स्कूलों व 25 हजार महिलाओं में माहवारी धर्म मासिक चक्र को लेकर जागरूकता लाने कार्य किया है। इस सामाजिक कार्य के लिए उन्हें युवा रत्न सम्मान दिया गया है।

### 26 साल के युवा साहित्यकार अमित



सरगुजा से 26 वर्षीय अमित यादव ने मैं तुम्हें जानता हूं हिंडेनवर्ड नामक किताब लिखकर साहित्य जगत में क्रांति ला दी है। ऐसे युवा साहित्यकार को विभाग ने युवा रत्न 2026 सम्मान से नवाजा है।

### सबसे कम उम्र में लोककला की बनी सुप्रसिद्ध गायिका



छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोकगायिका 16 वर्षीय आरू साहू ने बताया कि उन्हें लोकगायन के क्षेत्र में कम उम्र में प्रसिद्ध हासिल करने के लिए युवा रत्न सम्मान से नवाजा गया है।

### उत्कृष्ट युवा वक्ता और गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा



दुर्ग की परिधि शर्मा ने बताया कि देशभर में युवा वक्ता के तौर युवा मंच पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर कई पुरस्कार प्राप्त हासिल किए हैं। उन्होंने बीएससी ऑनर्स सांख्यिकी विषय में गोल्ड मेडलिस्ट की डिग्री भी हासिल की है। विभाग ने मुझे युवा रत्न के लिए चयनित किया है।

### कला-संगीत-नृत्य में बढ़ाया मान

कवर्धा के सचिन कुम्हरे ने बताया कि वह भारतीय नृत्य, संगीत-कला विधा के कलाकार हैं, उन्हें यह सम्मान में दुनियाभर में भारतीय नृत्य, संगीत-कला विधा मान बढ़ाने के लिए किया गया है।

**समाज लाइव**

## सिंधी पंचायत आज सर्व मनोकामना सिद्धि के लिए मनाएगा लाल लोई पर्व

**रायपुर।** पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा मंगलवार को मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर श्याम नगर स्थित प्रधान कार्यालय के बाहर लाल लोई पर्व मनाने की तैयारी शुरू की है। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, प्रवक्ता सुभाष बजाज व महिला विंग की अध्यक्ष दीक्षा रामानी ने बताया, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत का यह प्रयास है कि सिंधी समाज का युवा वर्ग महिलाएं और समाज अपने पारंपरिक त्योहार व परंपराओं को पहचानें। साथ ही धर्म और संस्कृति से जुड़ने का प्रयास किया। इसके अंतर्गत सिंधी समाज द्वारा संक्रांति से एक दिन पूर्व लाल लोई का आयोजन किया जाएगा। लाल लोई में विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार करते हुए अग्नि प्रज्वलित की जाती है। जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि यह पूजा सर्व मनोकामना सिद्धि दिलाती है।

### पूजा स्थल पर 108 बार परिक्रमा

अपनी मनोकामना को मन में रखकर अग्नि प्रज्ज्वलित करते हुए पूजा स्थल पर 108 बार परिक्रमा की जाती है। इससे सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मनोकामना पूर्ण होने पर अगले साल लाल लोई के आयोजन में समाजजन उसमें तिल मिठाई और पारंपरिक पूजा की सामग्री श्रद्धापूर्वक अर्पित करके अपना आभार जताते हैं। इस बीच सिंधी लोकगीतों और लोकनृत्यों के माध्यम से समाजजन इस पर्व को धूमधाम से मनाते हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए सिंधी पंचायत की दीक्षा रामानी, बाबा मुरलीधर उदासी, बलराम आहूजा, कैलाश बालानी, तनेश आहूजा, विकास रूपरेला, अनिल लाहौरी, मनीष पंजवानी, रतन वल्र्याणी, विनोद संतवानी को जिम्मेदारी दी गई है।

**सिटी लाइव**

## छत्तीसगढ़ कायस्थ प्रीमियर लीग में भानु इलेवन बनी चैंपियन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के युवा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित रात्रिकालीन 'कायस्थ प्रीमियर क्रिकेट लीग' का भव्य समापन हुआ। मीडिया प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि आयोजन में रायपुर, भिलाई सहित प्रदेशभर की टीमों ने हिस्सा लिया। जूनियर वर्ग में 'टीम आकाश' ने 'टीम अग्नि' को हराकर जीत दर्ज की। विजेताओं को मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा और बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने ट्रॉफी (स्व. सुदीप खरे स्मृति) प्रदान की। महिला वर्ग का फाइनल 'टीम जैस्मीन' और 'टीम सनफ्लॉवर' के बीच टाई रहा (58-58 रन), जिससे दोनों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। पुरस्कार नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने वितरित किए। 'वी फॉर नेशन' एनजीओ ने महिलाओं को पौधे व स्नैक्स बांटे। फाइनल में 'भानु इलेवन भिलाई' ने 'चित्रांश टाइटंस' को हराकर दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। भानु इलेवन ने 112 रनों का लक्ष्य 11.1 ओवर में हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच व बेस्ट बैट्समैन आलोक श्रीवास्तव (भानु इलेवन), बेस्ट बॉलर प्रभात निगम, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट आदर्श वर्मा को मिला। संरक्षक रज्जन श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद खरे, प्रदीप वर्मा व अन्य वरिष्ठजनों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। अतिथियों ने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। अंत में युवा अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने वर्धमान ग्रुप, वेल्थ सफारी सहित सभी प्रायोजकों और समाज के सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

**लाइव इवेंट**

## पर्यावरण बचाने निकाली 15 किमी साइकिल रैली, बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक हुए शामिल



**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति वर्तमान और भावी पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से लॉस विस्टा (अमलीडीह) सोसायटी के निवासियों ने हर वर्ष की तरह इस बार भी साइकिल यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा लॉस विस्टा, अमलीडीह से प्रारंभ होकर एयरपोर्ट के पास स्थित धरमपुरा गांव में संपन्न हुई। करीब 15 किलोमीटर लंबी इस यात्रा के समापन पर हवा में गुब्बारे छोड़कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके पश्चात धरमपुरा पहुंचकर बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों ने सामूहिक रूप से फलदार पौधे लगाए। रैली में सोसायटी के 100 से भी ज्यादा सदस्यों ने हिस्सा लिया। विशेष रूप से 78 वर्षीय वरिष्ठ सदस्य जीएस बांबरा ने साइकिल चलाकर सभी का उत्साह बढ़ाया। अन्य प्रतिभागियों में नीलेश क्षीरसागर, कीर्ति व्यास, सुनील अग्रवाल, रमेश राव, नरेंद्र, सुधीर मग्गू, नीरू अग्रवाल, श्रीमती क्षीरसागर और सोसायटी के बच्चे शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में कीर्ति व्यास ने आयोजन में विशेष सहयोग के लिए सोसायटी के अध्यक्ष विजय मंगवानी, नरेश क्षत्री, रमेश राव, सोनू चावला एवं प्रमोद जैन का आभार प्रकट किया।

### पुलिस परेड ग्राउंड पर 26 जनवरी परेड की अभ्यास में जुटे दल

# गणतंत्र दिवस परेड, छत्तीसगढ़ के जवानों संग उत्तरप्रदेश पुलिस करेगी कदमताल

गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पुलिस परेड ग्राउंड में अभ्यास की शुरुआत हो गई है। इस बार परेड में उत्तरप्रदेश पुलिस बल के जवान छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ कदमताल करते नजर आएंगे। समारोह के परेड प्रभारी पीसी रामवीर सिंह ने बताया कि 10 जनवरी से परेड का अभ्यास शुरू हो गया है। परेड अभ्यास में इस बार अतिथि स्टेट पुलिस के रूप में यूपी पुलिस की टीम भाग ले रही है।



**रायपुर।** पुलिस ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस परेड अभ्यास में 5 प्लाटून की टुकड़ियां पहुंची हैं। इसमें बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ सहित जेल पुलिस पुरुष दल, नगर सेना महिला व पुरुष दल, सीआरपीएफ, जिला बल, पुलिस बैंड वाइपर महिला व पुरुष, बुगुलर दल पुरुष व एनसीसी कैडेट्स मिलाकर 14 प्लाटून दल गणतंत्र दिवस परेड अभ्यास में हिस्सा लेने पहुंचे हुए हैं। वहीं घुड़सवारी दल और डॉग स्क्वाड की टीम भी जल्द ही अभ्यास में शामिल होगी। यह अभ्यास सत्र 24 जनवरी तक चलेगा।





### झांकियां और सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी आकर्षण

विभिन्न स्कूलों से करीब 250 छात्र-छात्राओं का दल गणतंत्र दिवस समारोह पर छत्तीसगढ़ी मिक्स्ड सांग थीम पर रंगारंग प्रस्तुति देगा। सभी छात्राएं छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में सुआ, करमा, पंथी नृत्य की प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ की लोकगीत, संगीत की संस्कृति की अनूठी झलक से समारोह में समां बांधेंगी। समारोह में सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षकों के ग्रुप को प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को समारोह की तैयारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### सुबह और शाम दो पालियों में अभ्यास

*प्लाटून टुकड़ियां पुलिस परेड ग्राउंड पर सुबह 7.30 से 11 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक दो पालियों में गणतंत्र दिवस समारोह परेड का अभ्यास कर रही हैं। वहीं 15 जनवरी के बाद से समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक दल और विभागों की झांकियां शामिल होंगी। स्कूली छात्र-छात्राओं को उनके स्कूल के सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षक नृत्य, वेशभूषा, लय, थीम की तैयारी कराएंगे।*

## युवा छायाकारों ने नवरस को कैमरे में कैद कर किया प्रदर्शित



**रायपुर।** महाकोशल कला परिषद के तत्वावधान में दूसरी राष्ट्रीय युवा महाकोशल फोटोग्राफी प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. केबी शर्मा ने किया। प्रदर्शनी अवलोकन के बाद डॉ. केबी शर्मा ने कहा कि करुणा, हास्य, रौद्र, विभत्स, अद्भुत, श्रृंगार, वात्सल्य जैसे रसों की अभिव्यंजना करते युवा कलाकारों की छायांकन रचनाएं आंखों को सुकून देती हैं और मन में रसों की फुहार घोलती हैं। नवरसों का साक्षात्कार कराती रचनाएं अद्भुत है। श्रृंगार व ममता, हास्य रौद्र रूप चित्र को झकझोरता है। इस तरह के आयोजन के लिए उन्होंने आयोजक को बधाई दी। युवा कलाकारों ने नवरसों की अभिव्यंजना की है। करुणा, हास्य, रौद्र, वीभत्स, अद्भुत ,श्रृंगार, वात्सल्य, सौम्य जैसे नवरसों को फोटोग्राफ में स्पंदित किया है। द्रोणाचार्य-एकलव्य वात्सल्य, शक्ति रूपेण मां जगदंबे का सौम्य रूप, मीठी मुस्कान, इंतजार करती नायिका, नाट्य प्रसंग में रुदन एवं हास्य, बाल कलाकारों का खेल, रुदन, हंसी ठिठोली को रचनाओं में पिरोया है।

## शारीरिक से ज्यादा मानसिक भक्ति पर ध्यान दें



**रायपुर।** अवधपुरी मैदान में विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट रायपुर शाखा द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में संतश्री चिन्मयानंद बापू ने सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला एवं रुक्मणी विवाह प्रसंग की कथा सुनाई। हमें शारीरिक भक्ति से ज्यादा मानसिक भक्ति पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। इसके लिए शरीर का स्वस्थ होना जरूरी है, इसके लिए प्राणायाम करें। आत्मा के बारे में बताया कि वह अजर-अमर है। हमें अपने कार्यों के लिए किसी अन्य से नहीं, अपने ईष्ट से उम्मीद करनी चाहिए। रासलीला प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि वृंदावन की धरा पर शरद पूर्णिमा को चांदनी की छटा बिखरी हुई थी, मध्यम हवा के झोंकों में मुरली की धुन पर गोपियां चली आ रहीं थीं, हर गोपी को यही लग रहा था कि श्रीकृष्ण उन्हीं के साथ नृत्य कर रहे हैं।



### वह आध्यात्मिक प्रेम व आनंद में डूबी थीं

*संतश्री ने बताया कि वह आध्यात्मिक प्रेम व आनंद में डूबी थीं। देवता भी स्वर्ग से इस रमणीक दृश्य को देखकर आनंदित थे। संगीतमयी भजनों में श्रद्धालु झूमते-नाचते हुए कथा में रमे थे। वहीं यजमान के रूप में जितेंद्र अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, ओमप्रकाश मिश्रा, मयंक वैद्य, चंद्रचूड़ त्रिपाठी, रोहित मिश्रा, आशीष तिवारी, मनोज तिवारी, नितिन कुमार झा आयोजन की कमान संभाल रहे हैं। कथा में उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा एवं राजीवनयन महाराज भी कथास्थल पहुंचे।*

## निर्वाणी अखाड़ा नर्मदा कुंड में संतों की केसरिया चौपाल



**रायपुर।** निर्वाणी अखाड़ा में सोमवार की दोपहर कोई साधारण धार्मिक सभा नहीं थी, जमीन पर चटाई नहीं, बल्कि सनातन की चिंता बिछी थी। चारों तरफ जटा, तिलक, तुलसी कंठी, रुद्राक्ष और केसरिया में लिपटे नागा, वैष्णव और अखाड़ा परंपरा के संत बैठे थे। माहौल ऐसा था, जैसे कोई धार्मिक संसद चल रही हो, बीच में बैठे थे धर्म स्तंभ काउंसिल के डॉ. सौरव निर्वाणी। न किसी के लिए कोई कुर्सी और न मंच ही सजाया गया था। सीधे जमीन पर संतों के बीच चौपाल सजी। यही उनकी राजनीति है, सत्ता नहीं बल्कि साधना का सभा में उत्सव था। यह बैठक धर्म को बचाने के लिए की गई। संतों की बड़ी पीड़ा थी मठों और मंदिरों की जमीन जा रही और मंदिरों पर अफसर बैठे हैं।

### ट्रस्ट के बहाने मठ-मंदिरों पर कब्जा जमा रहे

*निर्वाणी अखाड़ा के महंत सुरेंद्र दास ने कहा "संत और महंत कभी अंग्रेजों से नहीं डरे, आज अफसरों से क्यों डरें? मठ और मंदिर कोई सरकारी गोदाम नहीं हैं। यह हमारी आस्था की जमीन है, अगर अब भी संत चुप रहे तो अगली पीढ़ी के पास मंदिर सिर्फ फोटो में बचेंगे । इतना सुनते ही सभा में सन्नाटा छा गया। फिर तालियों के बीच संतों की हुंकार गूंजी। महंत राधेश्याम दास बोले- सरकारें आती-जाती रहेंगी, लेकिन अगर धर्म गया तो कुछ नहीं बचेगा। वैष्णव महंत नागा पवन दास ने साफ कहा :"डॉ. सौरव निर्वाणी आज अकेले नहीं हैं, उनके पीछे संतों की पूरी पीढ़ी खड़ी है। डॉ. निर्वाणी ने कोई भाषण नहीं दिया, उन्होंने बस एक लाइन कही- धर्म भी तभी बचेगा, जब संत सत्ता से नहीं, बल्कि साहस से बात करेंगे।*

### राजधानी के देवी मंदिरों में 27 जनवरी तक विधि-विधान से उपासक करेंगे गुप्त नवरात्रि नियम का पालन

# गुप्त नवरात्रि : देवी मंदिरों में 19 से शुरू होगा साधना का पर्व, साधक भी सिद्धि पाने के लिए करेंगे उपासना

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** सालभर चार नवरात्रों का विधान है। इनमें दो को प्रत्यक्ष नवरात्र मनाया जाता है। वहीं दो गुप्त नवरात्र का भी विधान है। इसके चलते देवी मंदिरों में उपासक साधना करते हैं। चारों नवरात्र को सिद्धि प्राप्त करने के लिए मान्य होते हैं। गुप्त नवरात्र को साधना का पर्व भी कहा जाता है। श्री महामाया देवी मंदिर के पुजारी एवं भागवताचार्य पंडित मनोज शुक्ला ने बताया की गुप्त नवरात्र में साधक सन्यासी, सिद्धि प्राप्त करने वाले तांत्रिक देवी की उपासना करते हैं। इस बार गुप्त नवरात्र का शुभारंभ 19 जनवरी से होगा, जो 27 जनवरी तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान देवी की दस महाविद्याओं की पूजा की जाती है। जिनका तंत्र शक्तियों और सिद्धियों में विशेष महत्व है। जबकि प्रत्यक्ष नवरात्र में गृहस्थ जीवन व्यतीत करने वाले लोग भी मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा करते है।




### पुरोहितों से मनोरथ सिद्धि के लिए कराते हैं पूजा

*महाराज ने बताया कि गुप्त नवरात्र में अगर आम जन चाहें तो किसी विशेष इच्छा की पूर्ति या सिद्धि के लिए साधना, उपासना और पाठ करके सिद्धि प्राप्त कर सकते हैं। संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चन्द्रभूषण शुक्ला ने बताया कि शास्त्रों और पुराणों में भी नवरात्रि पर्व को साधना के लिए श्रेष्ठ बताया गया है। साल में चार नवरात्रियां आती हैं। इनमें दो गुप्त और दो प्रकट नवरात्रि होती है। आषाढ़ व माघ की नवरात्रि गुप्त नवरात्रि कहलाती है। गुप्त नवरात्रि को तंत्र साधना के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्या, जिसे दस माता के रुप में जाना जाता है, उनकी आराधना की जाती है। इसके लिए कई लोग पुरोहितों से भी मनोरथ सिद्धि के लिए पूजा करवाते हैं।*

### मंदिरों में की जाएगी आराध्य देवी की आराधना

*महाराज ने इनके नामों का जिक्र करते हुए बताया कि काली, तारा, षोडषी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्तका, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला की आराधना साधकों द्वारा की जाती है। इनकी आराधना से कोर्ट में विजय, संतान सुख, मारण, उच्चाटन, विद्वेषण, मोहन, आकर्षण जैसे कई लाभ प्राप्त होते हैं। राजनीतिक सफलता, पद प्राप्ति एवं कई साधक आत्मसुख की प्राप्ति के लिए भी इनकी अराधना करते हैं। इस साल भी देवी मंदिरों में आराध्य देवी की आराधना करते हुए लोग नवरात्रि के दौरान व्रत नियम का पालन करते हैं। गुप्त नवरात्रि के दौरान 23 जनवरी को वसंत पंचमी पर्व रहेगा। इस दिन देवी सरस्वती की पूजा उपासक भक्तिभाव से करते हैं।*

हेल्थ टिप्स

## रोलिंग मिल और एसपी-3 की संयुक्त टीम ने जीता क्रिकेट का मुकाबला



**भिलाई।** बीएसपी के इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग की अंतर अनुभाग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच एसएमएस 3 एवं वेव ब्रिज की संयुक्त टीम विरुद्ध रोलिंग मिल एवं सिंटर प्लांट-3 की संयुक्त टीम के मध्य खेला गया। बल्लेबाजी में एसएमएस-3 एवं वे ब्रिज की संयुक्त टीम 10 ओवर में 4 विकेट पर 74 रन प्रवीण ने 20 रन,राहुल ने 19 रन एवं दिनेश ने 16 रन बनाएं। गेंदबाजी में रोलिंग मिल एवं एसपी-3 की संयुक्त टीम से भूपेश साहू ने 03 , डी चक्रवर्ती, अनिल बारले एवं श्रवण तिवारी ने एक-एक विकेट लिया। बल्लेबाजी में रोलिंग मिल और सिंटर प्लांट-3 की संयुक्त टीम ने 9 ओवर में एक विकेट पर 75 रन बनाए। राहुल ने 31 रन नॉट आउट, यूनूस ने 18 रन, अनिल बारले ने नॉट आउट 11 रन, गेंदबाजी में एसएमएस -3 से प्रवीण ने एक विकेट लिया। इस प्रकार रोलिंग मिल एवं सिंटर प्लांट-3 की संयुक्त टीम ने यह फाइनल 9 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ़ द मैच भूपेश साहू रहे। वहीं प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्समैन खोमेंद्र, बेस्ट बॉलर श्रवण तिवारी एमपी और प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट राहुल रहे। मैच के अंपायर हिमाचल साहू एवं नुगेश्वर डेहरिया और स्कोरर विनोद देवघरे थे।

फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रवि शंकर सीजीएम आई एंड ए थे। इस अवसर पर मधु पिल्ले भूतपूर्व जीएम इंचार्ज ,एसके केसर , जी के कुंडू , उत्पल दत्ता , प्रमोद कुमार सिंह, एच सचदेवा और ए एम डैनी उपस्थित थे। इस अवसर पर इंस्ट्रूमेंटेशन विभागके कर्मचारी एवं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के वरिष्ठ अंपायर राणा प्रताप सिंह का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष शुक्ला एवं अनिल मिश्रा ने किया।

## आत्मानंद स्कूल की 11 रन से जीत



**भिलाई।** भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतरशालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत सोमवार को रोचक मुकाबले हुए। सी-3 ग्राउंड हॉस्पिटल सेक्टर में टीम स्वामी आत्मानंद स्कूल के विरुद्ध स्वामी आत्मानंद स्कूल खुर्सीपार ने 11 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ़ द मैच शुभम कुमार चौधरी को योगेश शाह भूतपूर्व सचिव भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के हाथों पुरस्कृत किया गया। बल्लेबाजी में स्वामी आत्मानंद स्कूल टीम 168 रन पर आउट हो गई। शुभम ने 37 रन एवं कप्तान ए रेड्डी ने 34 रन बनाएं। गेंदबाजी में केपीएस सुंदर नगर के आशीष ने 6 विकेट एवं शुभम ने 7 विकेट लिए। बल्लेबाजी केपीएस सुंदर नगर टीम 157 रन पर आउट हो गई। प्रशांत इक्का ने 73 रन एवं सी कुमार ने नॉट आउट 22 रन बनाए। गेंदबाजी में स्वामी आत्मानंद स्कूल के शुभम कुमार चौधरी ने 6 विकेट लिए। मैच के अंपायर सुनील कुमार डड़सेना एवं सपन काकडे और स्कोरर विनोद देवघरे थे। इस अवसर पर अभिलाष, मोहम्मद दाऊद अंसारी, बृजेश पांडे, समीर शर्मा, जी प्रेमनाथ, वेंकटरमन, प्रशांत कुमार भारद्वाज, राजेंद्र सिंह और विजेश कनौजिया उपस्थित थे।

## नेशनल सॉफ्टबॉल में छत्तीसगढ़ बना दोनों वर्गों में विजेता



**रायपुर।** 38 वीं सबजूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की सॉफ्टबॉल बालिका टीम ने स्वर्ण पदक जीता। पटौदा झज्जर हरियाणा में 09 से 12 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने शुरू से ही अपना दबदबा कायम रखा।

छत्तीसगढ़ ने हिमाचल को 10–0 से हराकर अपनी पारी की जोरदार शुरुआत की, फिर जम्मूकश्मीर को 09–0 हराया, लेकिन मेजबान हरियाणा से संघर्षपूर्ण मैच में 03–02 से हार गई। लीग मैच में आंध्रा जो कि पिछले वर्ष की रजत पदक विजेता टीम थी उसको 13–03 से हराकर प्रतियोगिता में फिर से वापसी की और अपने को प्रतियोगिता में बनाए रखा। अगले मैच में केरल को 01–0, मध्य प्रदेश को 03–0 एवं राजस्थान को 03–01 से हराकर फाइनल में पहुंची। फाइनल हरियाणा के साथ हुआ, पिछली हार का बदला लेने के लिए छत्तीसगढ़ की टीम पूरे उत्साह एवं जोश के साथ मैदान में उतरी एवं शुरू से ही अपने आक्रामक बल्लेबाजी से विपक्षी टीम को दबाव में ला दिया। पहले इनिंग में टॉस हारने के बाद छत्तीसगढ़ की टीम ने हरियाणा को शून्य में आउट किया।

जीवनशैली में बदलाव और सेहत पर ध्यान देना जरूरी

# आपका यूरिक एसिड बढ़ रहा है तो हो जाएं सावधान, कम करने जरूरी उपाय पर दें ध्यान

यूरिक एसिड एक ऐसा टॉक्सिक पदार्थ है जो सभी के बॉडी में बनता है। यह वेस्ट मटेरियल होता है जिसे किडनी फिल्टर करके बॉडी से निकाल देती है। हमारे शरीर में यूरिक एसिड तब बनता है, जब शरीर प्यूरीन को तोड़ता है। प्यूरीन शरीर में प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाले पदार्थ हैं और यह कुछ खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थों में पाए जाते हैं। अगर इसकी मात्रा ब्लड में ज्यादा हो जाती है तो व्यक्ति को गठिया की समस्या होने लगती है। अगर आप का भी यूरिक एसिड हाई हो जाता है तो आप इन चीजों की मदद से इसे नेचुरली कम कर सकते हैं। इस बारे में जानकारी दे रही हैं क्लीनिकल न्यूट्रिशनिस्ट और एजुकेटर लवनीत बत्रा।



### यूरिक एसिड घटाने में मददगार हैं ये फूड्स

केला बहुत कम प्यूरीन वाला फल है वहीं इसमें विटामिन सी भी होता है। इसका सेवन करने से यूरिक एसिड का स्तर कंट्रोल होता है वही किले में पोटेशियम भी होता है यह भी यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में मददगार होता है।



एक्सपर्ट बताती हैं कि शोध से पता चलता है कि कम वसा वाला दूध और कम वसा वाले दही का सेवन करने से यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में मदद मिलती है यह आपके शरीर से यूरिक एसिड को बाहर निकालने में मददगार होता है। वहीं इससे आपके हड्डियों को भी मजबूती मिलती है।

कॉफी का सेवन करने से भी यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में मदद मिलती है। दरअसल कॉफी उस एंजाइम से प्रतिस्पर्धा करती है जो शरीर में प्यूरीन को तोड़ता है। यह यूरिक एसिड उत्पादन की दर को काम करता है। साथ ही यह आपके शरीर द्वारा यूरिक एसिड उत्सर्जित करने की दर को भी बढ़ता है।

यूरिक एसिड के स्तर को कम करने के लिए आप डाइट में खट्टे मीठे फल को ऐड कर सकते हैं। आंवला, नींबू, संतरा, पपीता और अनानास जैसे खट्टे फल विटामिन सी से भरपूर होते हैं, इसलिए ये प्राकृतिक रूप से यूक एसिड के उच्च स्तर को कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा आप चेरी,ओट्स, सेब, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, खीरे, अजवाइन और गाजर जैसे डायटरी फाइबर का सेवन कर सकते हैं। डायटरी फाइबर के सेवन से सीरम यूरिक एसिड कंसंट्रेशन कम होती है।

### दूध का सेवन कितना सही है?

लेकिन वहीं अगर बात करें दूध की तो प्रोटीन का एक अच्छा स्त्रोत होने के बावजूद इसमें रेड मीट, अंडा जैसे अन्य प्रोटीन स्त्रोतों की तुलना में प्यूरीन कम मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में इसका सेवन यूरिक एसिड की समस्या से पीड़ित लोग के लिए नुकसानदेह नहीं बल्कि काफी हद तक फायदेमंद होता है। जैसे कि दूध और शाकाहार से मिलने वाला प्रोटीन में अतिरिक्त यूरिक एसिड को शरीर से बाहर निकालने में मददगार होता है। इसके अलावा यूरिक एसिड बढ़ने से हाथ-पैर के जोड़ों में जो दर्द की समस्या होती है, इससे निजात दिलाने में कैल्शियम से भरपूर दूध का सेवन फायदेमंद हो सकता है।

इस तरह से देखा जाए तो यूरिक एसिड की समस्या से पीड़ित लोगों के लिए दूध का सेवन आवश्यक है, हां इसकी मात्रा का जरूर ध्यान रखना चाहिए। इस बारे में हमारे हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. सतीश का सुझाव है कि यूरिक एसिड जैसी समस्या से ग्रसित लोगों को सीमित मात्रा में ही सही पर दूध का सेवन जरूर करना चाहिए, क्योंकि दूध में शरीर के लिए जरूरी प्रोटीन पाया जाता है।

### इन चीजों के सेवन से करें परहेज

वहीं बात करें यूरिक एसिड की समस्या से पीड़ित लोगों को किन चीजों के सेवन से परहेज करना चाहिए तो जैसा कि हमने आपको बताया कि पनीर, अंडा, मछली, रेड मीट या व्हाइट मीट जैसे हाई प्रोटीन युक्त आहार में प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा पालक, मटर, ब्रोकली, मशरूम के साथ अरहर की दाल जैसे शाकाहार में भी भी प्यूरीन अधिक मात्रा में पाया जाता है, जिससे शरीर यूरिक एसिड बढ़ने की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

## बिना तेल के झटपट तैयार करें पोहा वड़ा, उंगलियां चाटते रह जायेंगे लोग



जब भी हमारा कुछ लाइट खाने का मन करता है, तो हम पोहा बनाकर खा लेते हैं। मगर इस बार ब्रेकफास्ट में पोहा से वड़ा बनाने की यह रेसिपी ट्राई करें, यकीनन आपको यह डिश अच्छी लगेगी।

जब भी हेल्दी ब्रेकफास्ट की बात आती है तो हमारे दिमाग में पोहा का नाम जरूर आता है, क्योंकि यह पौष्टिक होने के साथ-साथ लाइट भी होता है। इसलिए इसमें मीठा, खट्टा, नमकीन, क्रंची हर तरह का फ्लेवर दिया जाता है। पोहा खाने की सबसे अच्छी बात ये होती है कि इसमें कम तेल और मसालों का उपयोग होता है और यह जल्दी बन भी जाता है। मगर पोहे के साथ एक दिक्कत है, अगर हम कुछ दिन लगातार पोहा खाते हैं तो यह बोरिंग हो जाता है। इसे हम रोज नहीं खा सकते, ऐसे में अगर आप भी पोहा खाकर बोर हो चुके हैं तो कुछ नया ट्राई कर सकते हैं। जी हां, आज हम आपको पोहा से वड़ा बनाने की आसान विधि बता रहे हैं, जिनकी मदद से कुछ ही देर में स्वादिष्ट वड़ा तैयार किया जा सकता है। सबसे पहले ऊपर बताई गई सभी सामग्रियों को तैयार करके रख लें। फिर एक बाउल में पानी डालकर पोहा छानकर अच्छी तरह से भिगोकर रख दें। साथ ही आलू के छिलके उतारकर टुकड़ों में काटें और गैस पर हल्की आंच पर उबालने के लिए रख दें। जब आलू उबल जाए, तो चम्मच की मदद से मैश कर लें। मैश करने के बाद इसमें पोहा भी डाल दें। अगर आप चाहें तो पोहे को भी मैश कर सकते हैं। अब ऊपर बताए गए सभी मसाले जैसे- नमक, लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला, प्याज, हरी मिर्च, हरा धनिया और बारीक कटा हुआ हरा धनिया डालकर मिलाएं। अब कॉर्न फ्लेक्स डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। इस दौरान स्टीमर तैयार कर लें। इसके लिए गैस पर पानी भरकर एक पतीली रखें और अगर आप चाहें तो नमक भी डाल सकते हैं। पानी को गर्म करें और जब पानी गर्म हो जाए, तो ऊपर से छलनी रखें। अब पोहा के छोटे- छोटे वड़ा बनाएं और एक-एक करके छलनी के ऊपर रख दें, ताकि वड़ा भाप में आसानी से पक जाएं। सभी वड़ा बनाने के बाद ऊपर से पतीली को ढक दें। लगभग 10 से 15 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें और जब यह अंदर से अच्छी तरह से पक जाए, तो एक प्लेट में निकाल लें। अब वड़ा सांभर, हरी चटनी और नारियल की चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें। बस आपका हेल्दी नाश्ता तैयार हो गया है। आलू को उबालने के लिए रख दें और फिर पोहा छानकर भिगो दें। जब आलू उबल जाए, तो चम्मच की मदद से मैश कर लें। अब ऊपर बताए गए सभी मसाले और पोहा डालकर मिलाएं। अब गैस पर पानी भरकर एक पतीली रखें और वड़ा बनाकर स्टीम करें।



## बिना पैसे खर्च किए कपूर से ऐसे दूर करें अपने घर का वास्तु दोष

वास्तु शास्त्र में कपूर को बहुत लाभकारी माना गया है। कपूर के द्वारा किये गए कुछ सरल से उपायों से जीवन की हर एक परेशानी से निजात पाई जा सकती है। वास्तु शास्त्र में कपूर को बहुत लाभकारी माना गया है। कपूर के द्वारा किये गए कुछ सरल से उपायों से जीवन की हर एक परेशानी से निजात पाई जा सकती है। कपूर को नकारात्मकता दूर करने में अचूक माना जाता है। इसके अलावा, घर का वास्तु दोष भी बिना ज्यादा पैसे खर्च किये आसानी से कपूर से दूर किया जा सकता है। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने कपूर के कुछ सरल उपाय बताये जिन्हें आजमाकर आप सरलता से घर का वास्तु दोष दूर कर सकते हैं।

घर में जब वास्तु दोष होता है तब उसका सबसे पहला संकेत होता है आर्थिक हानि। घर में अगर अकारण ही धन हानि होने लगे तो समझ जाएं कि आपके घर में वास्तु दोष है। इसके अलावा, और भी कई संकेत होते हैं जो घर में वास्तु दोष को दर्शाते हैं जैसे कि पारिवारिक क्लेश या बीमारी का आना।

ऐसे में वास्तु दोष को ठीक करना बहुत जरूरी हो जाता है। इसके लिए आपको अब पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है बल्कि आप कपूर के जरिये आसानी से घर का वास्तु ठीक कर सकते हैं और दोष को दूर कर सकते हैं। कपूर के 5-6 टुकड़े लें। फिर उन्हें घी में डुबोकर मिट्टी के दीपक में जलाएं।

इसके अलावा, आप घर के हर एक कोने में कपूर की छोटी-छोटी टिक्की रख सकते हैं ।




## अपनी राशि के अनुसार जरूर पहनें इन धातुओं के इयररिंग्स, होगा लाभ

इयररिंग्स खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। वहीं यह जिस भी धातु के होते हैं, उसका पहनने वाले व्यक्ति पर शुभ और अशुभ प्रभाव पड़ता है।

इयररिंग्स खूबसूरती को बढ़ाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। जो भी इसे पहनता है, उसके जीवन पर इसका अच्छा और बुरा असर भी पड़ता है। वहीं अपनी राशि के अनुसार शुभ धातु के इयररिंग्स धारण करने से शुभ परिणाम भी मिल सकते हैं। क्योंकि किसी भी धातु का संबंध ग्रह से होता है। अब ऐसे में सभी राशियों को अपनी राशि के अनुसार किसी धातु का इयररिंग्स पहनना चाहिए। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### मेष राशि वालों के लिए इयररिंग्स



मेष राशि के जातकों को सोने या तांबे से बनी हुई इयररिंग्स पहननी चाहिए। इसे मंगलवार के दिन पहनना शुभ माना जाता है। क्योंकि इस राशि स्वामी मंगल (मंगलदोष उपाय) हैं। इससे मंगलदोष से छुटकारा मिल सकता है।

### वृषभ राशि वालों के लिए इयररिंग्स

जिस भी जातक की राशि वृषभ है। उसे चांदी से बनी इयररिंग्स लकी साबित हो सकती है। इसे आप शुक्रवार के दिन धारण कर सकते हैं। इससे शुक्रदोष से छुटकारा मिल सकता है।

### मिथुन राशि वालों के लिए इयररिंग्स

मिथुन राशि के जातकों के स्वामी ग्रह बुध हैं। इसलिए इस राशि के जातकों को पन्ना और कांसा के इयररिंग्स पहनना शुभ फलदायी साबित हो सकता है। इससे बुधदोष से छुटकारा मिल सकता है।

### कर्क राशि वालों के लिए इयररिंग्स

कर्क राशि के जातकों को चांदी और मोती से बनी हुई इयररिंग्स धारण करना चाहिए। इसे आप सोमवार के दिन पहन सकते हैं। इससे शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है।

### सिंह राशि वालों के लिए इयररिंग्स

सिंह राशि के जातकों के स्वामी सूर्य हैं। इसलिए इस राशि के जातकों को पीतल और सोने का इयररिंग्स पहनना चाहिए। यह बेहगद लकी साबित हो सकती है।

### कन्या राशि वालों के लिए इयररिंग्स

कन्या राशि के जातकों के स्वामी ग्रह बुध है। इसलिए इस राशि के जातकों को पन्ने का इयररिंग पहनना चाहिए।

### तुला राशि वालों के लिए इयररिंग्स

तुला राशि के जातकों चांदी का इयररिंग पहनना बेहद शुभ माना जाता है। इससे आपको हर क्षेत्र में सफलता मिल सकती है।

### वृश्चिक राशि वालों के लिए इयररिंग्स

वृश्चिक राशि के जातकों के स्वामी मंगल देव हैं। इसलिए इस राशि के जातकों को सोना और तांबे से बनी इयररिंग पहनना चाहिए। इससे धन वृद्धि हो सकती है।

### धनु राशि वालों के लिए इयररिंग्स


धनु राशि के जातकों को सोना और पीतल के धातु का इयररिंग पहनना चाहिए। क्योंकि इस राशि के स्वामी बृहस्पति हैं। इससे आपको कभी किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### मकर राशि वालों के लिए इयररिंग्स



मकर राशि के जातकों को नीलम का इयररिंग पहनना चाहिए। इसे खासकर शनिवार के दिन पहनें। इससे आपको कभी किसी प्रकार के दोष का सामना नहीं करना पड़ेगा।












# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'एवेंजर्स डूम्सडे' के नए टीजर में एक्स मैन की झलक, वुल्वरीन की वापसी पर उठे सवाल



'एवेंजर्सः डूम्सडे' का नया और तीसरा टीजर आ गया है। कैप्टन अमेरिका और थॉर के बाद अब इसमें एक्स-मैन की वापसी दिखाई गई है। हमें चार्ल्स जेवियर, मैग्नेटो और साइक्लॉप्स की झलक दिखती है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल, क्या वुल्वरीन भी वापस लौटेगा? कैप्टन अमेरिका और थॉर की 'एवेंजर्स डूम्सडे' में वापसी की झलक के बाद मार्वल स्टूडियोज ने अब एक्स मैन के कमबैक का नया टीजर रिलीज किया है। सिनेमाघरों में 'अवतार फायर एंड ऐश' की रिलीज साथ ही हर हफ्ते रूसो ब्रदर्स की 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का एक नया टीजर आ रहा है। पहले दो टीजर में क्रिस इवांस के स्टीव रोजर्स उर्फ कैप्टन अमेरिका और क्रिस हेम्सवर्थ के 'गॉड ऑफ थंडर' यानी थॉर की वापसी की पुष्टि हो चुकी है। अब सामने आए तीसरे टीजर में मेकर्स ने 'एवेंजर्स' फ्रेंचाइज में एक्स मैन को शामिल करने की पुष्टि की। यह एमसीयू की कहानी में वो बदलाव है, जिसका लंबे समय से हर किसी को इंतजार था। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'एवेंजर्स डूम्सडे' के नए टीजर के आखिर में स्क्रीन पर लिखा आता है, 'एक्स-मैन एवेंजर्सः डूम्सडे में वापस आएंगे।' यह एक मिनट का टीजर पैट्रिक स्टीवर्ट की आवाज में चार्ल्स जेवियर के सिग्नेचर मोनोलॉग से शुरू होता है और आखिरी फ्रेम में एक्साइमेंट बढ़ाने का काम करता है। टीजर में चार्ल्स जेवियर का किरदार कहता है, 'मौत तो सबको आनी है। बस इस बात पर मुझे यकीन है। सवाल ये नहीं कि क्या तुम मरने को तैयार हो? सवाल ये है कि जब मौत से सामना होगा तब उससे नजरें कैसे मिलाओगे?' इस दोरान चार्ल्स जेवियर अपनी व्हीलचेयर पर एक्स-मेंशन में बैठे हैं।

## टॉलीवुड

### 'द राजा साब' देखने पहुंचे फैंस ने प्रभास की एंट्री पर दीए जलाकर की आरती, थिएटर में लगी आग



प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को पोंगल के मौके पर थिएटर्स में रिलीज हुई। पहले दिन इस मूवी भारत में 62.90 करोड़ का नेट कलेक्शन किया और वर्ल्डवाइड इसने 100.60 करोड़ कमाए। पैन इंडिया रिलीज इस मूवी को दर्शकों का कुछ खास रिव्यू नहीं मिल रहा। लेकिन फैंस ने थिएटर में आग लगा दी है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में एक्टर के चाहने वाले उनके एंट्री सीन, उनके गाने और मगरमच्छ के फाइट सीन के दौरान चिल्लाते और कॉन्फेटी फेंकते दिख रहे हैं। फिल्म 'द राजा साब' की स्क्रीनिंग के दौरान ओडिशा के एक थिएटर में आग लगने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि एक फैन आरती की थाली लेकर थिएटर के अंदर आ गया था। जिसके बाद उसने प्रभास के एंट्री सीन के दौरान दीये जलाए और स्क्रीन के सामने तीर छोड़े। इससे स्क्रीन के ठीक सामने आग लग गई। और इसे बुझाने में दूसरे फैंस कोशिश करते रहे। शोर से थिएटर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान लोग इधर-उधर भागते दिखे, जिससे वह अपनी जान बचा सकें। हालांकि किसी के घायल होने या फिर किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। वीडियो शेयर करने वाले शख्स ने बताया है कि हॉल में मौजूद लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। फिल्म में प्रभास के अलावा, संजय दत्त, निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, रिद्धि कुमार और बोमन ईरानी अहम भूमिका में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेलर में दिखाए गए सीन्स फिल्म में नहीं होने से दर्शक निराश हो गए। जिसके बाद शनिवार 10 जनवरी को मेकर्स ने हैदराबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बताया कि नए सीन्स अब फिल्म में जोड़ दिए गए हैं।

## भोजपुरी

### आम्रपाली के बर्थडे पर 'निरहुआ' ने लुटाया प्यार, कहा- जन्मदिन मुबारक



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास मौके पर दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है और उन्हें 'ड्रीम गर्ल' कहा है। उन्होंने जो फोटो शेयर की है, उसमें वो हाथ से दिल बना रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे ने 11 जनवरी को अपना 39वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। उम्र के इस पड़ाव पर आकर भी वो अभी तक कुंवारी हैं, उन्होंने शादी नहीं की है। खैर। उनके बर्थडे पर भोजपुरी एक्टर दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने उन्हें विश किया है। उनके साथ एक फोटो शेयर की है और कैप्शन में लिखा है- जन्मदिन मुबारक ड्रीम गर्ल। दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' का ये पोस्ट वायरल हो रहा है। इसमें वो और आम्रपाली दुबे, दोनों ने अपने हाथों से दिल बनाया है। एक्टर कैप्शन में लिखते हैं- हैप्पी बर्थडे ड्रीमगर्ल। साथ ही हैशटैग में लिखा है- 'भगवान भला करे। जुग जुग जियो। लव यू। महादेव आशीर्वाद दें।' निरहुआ के पोस्ट पर आम्रपाली ने भी जवाब देते हुए कॉमेंट किया, 'धन्यवाद' इस पोस्ट पर फैंस भी खूब प्यार बरसा रहे हैं। पर एक यूजर ने पूछा- 'ये रिश्ता क्या कहलाता है?' दूसरे ने कहा, 'इन दोनों का रिश्ता कुछ समझ नहीं आता है।' निरहुआ और आम्रपाली दोनों ही भोजपुरी इंडस्ट्री के बड़े कलाकार हैं। दोनों ने साथ में कई फिल्में की हैं। निरहुआ शादीशुदा हैं और उनके तीन बच्चे भी हैं। आम्रपाली ने अभी तक शादी नहीं की है।




> लीडिंग रोल में एटीट्यूड वाली शर्ट्स प्रिंटेड शर्ट्स को दूर से भी देखा जा सकता है। ये सारे शर्ट्स चमकीले फ्लोरल, एब्स्ट्रैक्ट ग्राफिक्स और बोल्ड रंग, लिक्विड टेलरिंग या क्लीन सेपरेट्स के साथ मिलकर कंट्रास्ट को बढ़ाते हैं। एब्स्ट्रैक्ट वॉच प्रिंट शर्ट, अल्ट्रा-हाई-वेस्टेड लिक्विड पैंट और मैचिंग पाउच बैग के साथ इनकी डिमांड खूब है।

# मिल्क पाउडर से चमक उठेगा आपका चेहरा

अगर आप मिल्क पाउडर की मदद से अपना चेहरा चमकाना चाहते हैं तो सबसे पहले चेहरे की क्लीजिंग करनी है। इसके लिए एक कटोरी में आधा चम्मच मिल्क पाउडर में एक चम्मच कच्चा दूध मिलाना है। अब इस पेस्ट को दस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। ऐसा करने से आपकी त्वचा की डेड स्कन हटने लगेगी। चेहरे को क्लीन करने के बाद स्टीमर की मदद से आप स्टीम ले सकती हैं। इससे आपकी त्वचा के पोर्स खुल जाएंगे। स्टीम त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मददगार रहती है। इस स्टेप के बाद आपको मिल्क पाउडर की मदद से ही चेहरे की स्क्रबिंग करनी है। इसके लिए बस आधा चम्मच मिल्क पाउडर को दो चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चावल का आटा मिलाएं। इससे अपने चेहरे पर अच्छे से स्क्रब करें। चेहरे पर स्क्रब करने के बाद एक कटोरी में मिल्क पाउडर लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और नारियल का तेल डालें। अब इसको अपने चेहरे पर अच्छी तरह से लगा लें। दस मिनट के बाद चेहरे की मसाज करें। सबसे आखिर में आपको अपने चेहरे पर फेसपैक लगाना है। मिल्क पाउडर से फेसपैक बनाने के लिए आपको बस एक



कटोरी में दो चम्मच मिल्क पाउडर, एक चम्मच चंदन पाउडर, एक चम्मच बेसन, दही और आधा चम्मच शहद मिलाना है। इसके बाद इस पेस्ट को अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरा धो लें। इस पूरी प्रक्रिया करने के बाद आपका चेहरा खिल उठेगा।

मिल्क पाउडर आपकी त्वचा में निखार लाने, स्किन का ग्लो बढ़ाने और दाग-धब्बे मिटाने का काम करता है। खास बात यह है कि यह स्किन पर बहुत लाइट और इफेक्टिव होता है। इसे सेंसेटिव स्किन वाली महिलाएं भी बेफिक्र होकर उपयोग कर सकती हैं। साथ ही टीनेजर बच्चों की त्वचा के लिए भी मिल्क पाउडर से बना फेस पैक बहुत प्रभावी होता है। ओट्स पाउडर बनाने के लिए आप मिक्सी में एक कप ओट्स को पीस लें। तैयार पाउडर को किसी जार में स्टोर करके रख लें। ताकि जब भी फेस पैक बनाएं आपको फिर से ओट्स का पाउडर ना बनाना पड़े। ओट्स आपकी स्किन की डीप क्लीनिंग करता है। यह त्वचा पर अतिरिक्त तेल को आने से रोकता है। कील-मुहांसे और ब्लैकहेड्स या वाइटहेड्स जैसी समस्याओं को दूर करता है।तो मिल्क पाउडर के साथ इसका मिक्स तैयार करने पर यह सुपर इफेक्टिव फेस पैक के रूप में काम करता है। जो आपकी त्वचा से जुड़ी लगभग सभी जरूरतों को पूरा कर आपको क्लीन और सपल स्किन देता है।ओट्स हेल्थ के लिए कितने लाभकारी होते हैं ये तो लगभग सभी जानते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ओट्स आपकी त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद हैं। ये आपके चेहरे से ऐक्ने स्कार्स को कम करके त्वचा की रंगत में निखार लाते हैं? इनमें मौजूद अमीनो एसिड स्किन टोन को हल्का करता है। ओट्स में मौजूद विटामिन-ई त्वचा की कोशिकाओं को जल्दी हील करता है।

# फैशन नहीं, सही फिटिंग के हिसाब से अपनाइये जींस



जींस एक बहुत ही आम पहनावा बन चुका है। हर उम्र के लोग इसे पहन रहे हैं। लेकिन अफसोस की ये सब पर बेस्ट लुक नहीं देती है। दरअसल लोग जींस फैशन के हिसाब से खरीदते हैं। जबकि जींस फैशन के हिसाब से नहीं बल्कि बॉडी पर सही फिटिंग के हिसाब से चुनी जानी चाहिए। चुनाव के कुछ तरीके और भी हैं। सही जींस कैसे चुनी जा सकती है, तरीके हम बताते हैं-



## बॉडी शेप को पहचानें

जींस लेने से पहले अपने बॉडी टाइप और आकार को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन जींस के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए अपने बॉडी टाइप की जानकारी जरूरी होती है।

अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट आएगी।पियर शेप बॉडी पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी।अगर कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें। इससे कमर छोटी और थोड़ी पतली दिखेगी।

## जो कभी न हो आउट ऑफ फैशन

जींस का वो पैटर्न खरीदें, जो कभी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है। जैसे हाईराइज जींस या स्ट्रेट लेग जींस। जबकि बूटलेग्स जैसे जींस का फैशन हमेशा नहीं आता है।

## सबसे अच्छा फैब्रिक

जींस का सबसे अच्छा फैब्रिक वो होता है जो पहले टच में ही सॉफ्ट लगे। साथ में इसमें थोडा स्ट्रेच भी हो लेकिन ये शेपलेस न हो। इस तरह की क्वालिटी की जींस खरीद कर आप सालों तक इसे इस्तेमाल कर पाएंगे। हो सकता है ऐसे फैब्रिक में जींस थोड़ी महंगी मिले लेकिन ये आपका साथ लंबे समय तक देगी।

## ट्रेडिशनल ब्लू डेनिम है परफेक्ट

जींस का ट्रेडिशनल ब्लू कलर हमेशा वाला कलर है। ये कई सारे रंगों के साथ मैच होता है तो हर फैशन ट्रेंड का हिस्सा भी होता है। इसको पार्टी वियर अपर के साथ भी पहना जा सकता है तो कैजुअल आउटिंग के साथ भी। इसके साथ ब्लैक डेनिम भी ऐसा कलर है जो काफी मौकों पर पहना जा सकता है।



# खास मौके पर सूट के साथ ट्राई करें सिंपल हेयर स्टाइट

शादी और पार्टी का सीजन चल रहा है। ऐसे में अगर आप सूट पहनने की सोंच रही और सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो आगे बताए गए हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं।

सेंटर पार्टीशन के साथ साइड पफ

अगर आप अपनी फ्रेंड के संगीत वाले फंक्शन में सूट वियर कर रही हैं तो आप ओपन हेयर रख सकती हैं। इसके लुक को एन्हांस करने के लिए इसके साथ आप सेंटर पार्टीशन कर सकती हैं। अगर आपका चेहरे गोल शेप का है तो आप पार्टीशन वाले एरिया में दोनों साइड से थोड़ा पफ कर सकती हैं। ये आपके चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगे देगा।

**हाई बन कर सकती हैं ट्राई :** आप अगर खुले बाल में कंफोर्टेबल नहीं रहती और वेडिंग में यूनिक भी दिखना चाहती हैं तो आप हाई बन ट्राई कर सकती हैं। एथनिक आउटफिट खासकर सूट के साथ हाई बन काफी स्टालिश लगता है। हालांकि थोड़ा एलिगेंट टच देने के लिए आप आगे की लटें भी बाहर निकाल सकती हैं। ये हेयर स्टाइल(जुड़ा हेयर स्टाइल) आपको बेहद स्टाइलिश और ट्रेंडी लुक देगा।



**हाफ टाई हेयर रहेगा बेस्ट :** एथनिक ड्रेस पर सिंपल हाफ टाई हेयरस्टाइल बना सकती हैं। पंजाबी सूट, फ्रॉक सूट, शरारा और गरारा जैसे ट्रेडिशनल ड्रेस(ब्राइडल बन) पर भी ये हेयर स्टाइल काफी अच्छी लगती है। आप चाहें तो इसको हल्का कर्ल भी कर सकती हैं।

# लॉन्ग कोट डिजाइंस को वॉर्डरोब में करें शामिल

सर्दियों में लड़कियां सबसे ज्यादा लॉन्ग कोट के साथ ड्रेस पहनना पसंद करती हैं। लेकिन इसके लिए आप डिजाइंस का खास ध्यान रखना चाहिए।

**लेसअप लॉन्ग कोटः** पार्टी हो या फिर कोई फंक्शन हम उसमें जानें के लिए अक्सर अलग-अलग डिजाइंस के ड्रेस ऑप्शन को ट्राई करते हैं। इसके साथ पहनने के लिए हमें कुछ ऐसी कम्फर्टेबल चीज भी चाहिए होती है जिससे हम सर्दियों में बच सके। ऐसे में आप लेसअप लॉन्ग कोट को वियर कर सकती हैं। ये दिखने के साथ-साथ पहनने में भी काफी स्टाइलिश लगता है। इसमें आपको काफी सारे अच्छे-अच्छे ऑप्शन भी मिल जाते हैं। जिसे आप शॉट ड्रेस यहां तक की जींस और टॉप के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में यह आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएगा।

**चेक डिजाइन लॉन्ग कोट :** अगर आप कहीं घूमने जा रही हैं और वहां पर ड्रेस के ऊपर के लिए लॉन्ग कोट सर्च कर रही हैं तो इसे ट्राई (सलवार सूट डिजाइंस) कर सकती हैं। इसमें आपको चेक डिजाइन वाला लॉन्ग कोट मिलेगा। जिसे वियर करके आप काफी स्टाइलिश लगेंगी। आप चाहे तो इसके साथ फैंसी बेल्ट को वियर कर सकती हैं और एक परफेक्ट वेकेशन लुक क्रिएट कर सकती हैं। मार्केट में यह आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगे।

**वन कलर वेलवेट लॉन्ग कोटः** अगर आपको कुछ नया ट्राई करना है तो इसके लिए आप एक कलर के वेलवेट लॉन्ग कोट को वियर कर सकती हैं। इसे आप (टिश्यू सिल्क साड़ी) वियर कर सकती हैं। यह दिखने में सिंपल होता है लेकिन पहनने में स्टाइलिश लगता है। आप इसे ट्राई कर सकती हैं। आप चाहे तो इसे ऑफिस में भी वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के लॉन्ग कोट आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएंगे। इन लॉन्ग कोट को करें स्टाइल और नए डिजाइन को भी अपनी कलेक्शन में शामिल करें, ताकि आपका लुक परफेक्ट नजर आए।



कार्नर न्यूज

## मौजूदा दौर में बदलते फैशन ट्रेंड को अपनाना समझदारी

# रॉयल लुक के लिए शामिल करें इन खास रंगों के कपड़े, निखर उठेगा आपका व्यक्तित्व, बदलता फैशन ट्रेंड कीजिए स्वीकार

जैसे-जैसे साल बदलते हैं, उसी हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो हमेशा ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनते हैं। चाहे पार्टी हो या फिर ऑफिस जाना हो, उनका अंदाज हमेशा हटकर ही होता है।

अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और आपको कंफ्यूजन है, कि किन रंगों के कपड़े आपको रॉयल लुक देंगे तो ये लेख आपके लिए है। आज के लेख में हम आपको बताएंगे, किस तरह से कपड़ों के पैटर्न के साथ-साथ आपको उनके रंगों पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप अपने कपड़े के रंगों का ध्यान रखेंगी तो आपका लुक हमेशा क्लासी और रॉयल दिखेगा।दरअसल, कुछ रंग ऐसे होते हैं, जो देखने में ही काफी क्लासी लगते हैं और उन्हें पहनकर लुक काफी रॉयल दिखता है। ऐसे में अगर आप भी रॉयल लुक कैरी करना चाहती हैं तो अपने कलेक्शन में इन रंगों के कपड़ों को जरूर शामिल करें। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।



### पेस्टल रंग

इस तरह की साड़ियां आजकल काफी चलन में हैं। अगर बात करें पेस्टल रंगों की तो ये रंग पहनकर आप अपना रॉयल अंदाज दिखा सकती हैं। पेस्टल रंग में आपको सूट से लेकर साड़ी तक आसानी से मिल जाएंगे।

### रॉयल ब्लू

ये एक ऐसा रंग है, जो हर किसी पर जचता है। ऐसे में इसका ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। यही वजह है कि हर किसी को रॉयल ब्लू रंग का आउटफिट पसंद आता है। अगर आपके पास इस रंग के कपड़े नहीं हैं, तो आज ही इसे अपने कलेक्शन में शामिल करें।

### एमरॉल्ड ग्रीन

हरे रंग का ये शेड काफी डार्क होता है। ज्यादातर लोग इसे शादी-विवाह के समय पहनना पसंद करते हैं। इस रंग के साथ लाइट मेकअप भी क्लासी लगता है।

### पर्पल

वैसे तो आजकल पर्पल के कई शेड ट्रेंड में हैं, लेकिन आप इस तरह का डीप पर्पल अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। ये आपको क्लासी लुक देने का काम करता है।

### मैटेलिक रंग

अगर आपको कुछ हटकर पहनना पसंद है तो आप गोल्ड, कॉपर, सिल्वर रंग के जैसे मैटेलिक रंग के आउटफिट तैयार करवा सकती हैं। ये देखने में काफी क्लासी लगते हैं।

### ब्लैक रंग

अगर बात करें काले रंग की तो ये रंग तो एवरग्रीन है। आप इसे ऑफिस से लेकर क्लब तक में पहनकर धमाल मचा सकती हैं। शादी के दिन भी ये रंग काफी रॉयल लुक देता है।

### व्हाइट रंग

चाहे कितने भी रंग-बिरंगे कपड़े पहन लो, लेकिन अगर बात सफेद रंग की आती है, तो इसका लुक अलग ही देखने को मिलता है। ऐसे में आप इस रंग का कम से कम एक आउटफिट अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें।

